वर्ष-3, अंक-61
इन्दौर मंगलवार
3 जून 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।



चाणक्य

सिक्किम में आर्मी कैंप पर

## भूस्खलन, 3 की मौत, 9 जवान लापता

### सर्च ऑपरेशन जारी, 1500 से ज्यादा पर्यटक फंसे



**गंगटोक।** पूर्वोत्तर भारत के सिक्किम राज्य में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। उत्तरी सिक्किम के चट्टन क्षेत्र में स्थित आर्मी कैंप पर हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि भारतीय सेना के नौ जवान अब भी लापता बताए गए हैं।

हादसा 01 जून की शाम लगभग 7 बजे हुआ। मृतकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। लापता जवानों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव दल युद्धस्तर पर अभियान चला रहे हैं। भूस्खलन इतना तीव्र था कि आसपास के कई घर भी इसकी चपेट में आ गए। सेना और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मलबे में दबे लोगों को निकालने का कार्य जारी है। उत्तर सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते लोचन और लाचुंग क्षेत्रों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। मंगन जिले के एसपी सोनम देचू भूटिया के अनुसार, लाचेन में 115 और लाचुंग में 1,350 पर्यटक अलग-अलग होटलों और गेस्टहाउसों में ठहरे हुए हैं। राहत की बात यह है कि लाचुंग के लिए सड़क संपर्क बहाल कर दिया गया है, और आज से पर्यटकों की निकासी शुरू की जा रही है।

#### बीआरओ ने तेज़ी से संभाली स्थिति

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लाचुंग-चुंगथंग-शिपग्येरे-शंकलांग-डिकचू रोड पर जमा मलबा हटाकर रास्ता साफ किया है। सस्पेंशन ब्रिज पर आई दरारों को भर दिया गया है, जिससे राहत कार्य में तेजी आई है।

#### बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करें: प्रियंका



पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 29 मई से शुरू हुई बारिश के बाद अब तक बाढ़ और संबंधित घटनाओं में कम से कम 34 लोगों की जान जा चुकी है। सबसे अधिक 10 मौतें असम में हुई हैं, जबकि अरुणाचल प्रदेश में 9, मेघालय व मिजोरम में 6-6, त्रिपुरा में 2 और नागालैंड में 1 व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। ऐसे हालात में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के लिए कहा है।

## यूक्रेन ने रूस के 40 से ज्यादा बॉम्बर्स को ठिकाने लगाया

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूस के दो अहम एयरबेस ओलेन्या और बेलाया, पर जोरदार हमला किया है। यूक्रेनी सेना ने हमले में ड्रोन का इस्तेमाल किया है।



बताया जा रहा है कि जिन एयर बेस को निशाना बनाया गया है, वे रूस-यूक्रेन सीमा से काफी अंदर मौजूद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला यूक्रेनी सेना का अब तक का सबसे बड़ी ड्रोन अटैक था। यूक्रेन ने खासतौर से उस बेस को टारगेट किया है, जिसका इस्तेमाल उसपर बम बरसाने के लिए कर रहा था। यूक्रेन की ओर से कहा गया है कि रूस के अंदर स्थित कई एयर बेस पर ड्रोन से हमला किया है, जिसमें 40 से ज्यादा रूसी बॉम्बर्स को ध्वस्त किया है, जिसका इस्तेमाल रूस यूक्रेन पर बम बरसाने के लिए कर रहा था। यूक्रेन का कहना है कि ये वही विमान हैं जो अक्सर यूक्रेन के ऊपर उड़ान भरते हैं और बम गिराते हैं। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) के अधिकारी ने बताया कि उनके ड्रोन रूस के काफी अंदर जाकर बड़े बॉम्बर्स विमानों जैसे टीयू-95, टीयू-22 और महंगे और दुर्लभ ए-50 जासूसी विमान को नुकसान पहुंचाने में सफल रहे। हमला बेलाया एयर बेस पर हुआ, जो रूस में इर्कुत्स्क के एक दूरस्थ क्षेत्र में पड़ता है। इसके अलावा, ओलेन्या एयर बेस पर भी आग लगने की खबरें हैं, लेकिन इसे अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं मिली है। ये विमान रूस के लिए बहुत अहम हैं। जैसे कि टीयू-95 1950 के दशक का पुराना विमान है, लेकिन अब भी यह कई क्रूज मिसाइल ले जाने में सक्षम है, जो दूर-दूर के शहरों को निशाना बना सकते हैं। इसमें जेट इंजन की जगह बड़े घूमने वाले प्रोपेलर लगे होते हैं, और यह लंबी दूरी तय कर सकता है। जबकि टीयू-22 एक हाई स्पीड विमान है, जो खासतौर से मिसाइल कैरी कर सकता है।

## आप किसी गठबंधन में नहीं, बिहार में अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका लगा है। आम आदमी पार्टी ने किसी भी गठबंधन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। साथ ही कहा है कि बिहार में आप अकेले ही दम पर चुनाव लड़ेगी। आप दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद अब पंजाब पर फोकस कर रही है। साथ ही अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के शीर्ष नेता प्रचार के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। आप के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनुराग ढांडा ने कहा कि आप किसी गठबंधन में नहीं है। हमारे पास अपनी खुद की ताकत है। हम इस पर आगे बढ़ रहे हैं।


## मेक्सिको के पुनर्वास केंद्र में आग लगने से 12 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो प्रान्त के एक पुनर्वास केंद्र में आग लगने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गये। प्रांत के अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

## देश में कोराना के 3961 सक्रिय मामले

### 24 घंटे में चार मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गयी।



पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है। दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुडुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्यप्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में नौ, छत्तीसगढ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंड़ीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

## भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रही है: मदनी

**आजमगढ़ (एजेंसी)।**



जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरुरी बताते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार समाज में नफरत फैलाने की दिशा में काम कर रही हैं। मौलाना मदनी ने रविवार देर रात 'मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' के तहत आजमगढ़ के सरायमीर कस्बे में मदरसा संचालकों को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी सरकार मदरसों पर कार्यवाही कर रही है। जिन मदरसों के कागजात ठीक है उन पर कार्रवाई अनुचित है, जिनके ठीक नहीं है उन्हें ठीक कराया जाए मदरसों में इल्म देने का काम किया जाता है। प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बाहुल्य ज़िलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और क़ब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है।

## बस दुर्घटनाग्रस्त होने से छह लोगों की मौत

**यांगून।** मध्य म्यांमार के मांडले क्षेत्र में एक राजमार्ग पर यात्री बस के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य 11 घायल हो गए। मांडले क्षेत्र अग्निशमन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना आज स्थानीय समयानुसार तड़के करीब 3=30 बजे मांडले के मीकटिला कस्बे में हुई। उन्होंने बताया कि करीब 19 यात्रियों को ले जा रही बस बारिश के कारण सड़क से फिसलकर पलट गई। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## बांग्लादेश में करेंसी से हटाई शेख मुजीब की तस्वीर



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश बैंक ने नई करेंसी जारी की है जिसमें दशकों से मौजूद राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है, उसकी जगह धार्मिक स्थलों विशेष रूप से मस्जिदों की तस्वीरें छापी गई हैं। करेंसी में मंदिर की तस्वीरें भी लगाई है, लेकिन सवाल एक प्रमुख मस्जिद की तस्वीर को लेकर, जिसे लेकर विपक्ष, बुद्धिजीवी और आम नागरिक सवाल पूछ रहे हैं। क्या यह नया बांग्लादेश है या तालिबानी सोच की वापसी? 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाले शेख मुजीब बांग्लादेश की पहचान थे। उनके चेहरे वाला नोट सिर्फ करेंसी नहीं था बल्कि एक विचार था, लेकिन अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद सत्ता में आई नई सरकार का रुख अब इस पहचान को मिटाने में लगा है।

## गर्भपात गोली के आविष्कारक बौलियू का निधन



**रोम,(एजेंसी)।** फ्रांसीसी वैज्ञानिक एटियेन-एमिले बौलियू, जिन्हें गर्भपात की गोली के आविष्कारक के रूप में जाना जाता है उनका 98 साल की आयु में शुक्रवार को पेरिस में निधन हो गया था। उनके संस्थान ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। एक डॉक्टर और एक रिसर्चर दोनों, बौलियू स्टेरॉयड हार्मोन पर अपने काम के साइंटिफिक, मेडिकल और सोशल सिग्नीफेंस के लिए दुनिया भर में जाने जाते थे। इंस्टीट्यूट बौलियू ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट में कहा कि उनका रिसर्च साइंस द्वारा संभव की गई प्रगति के प्रति उनके लगाव, महिलाओं की स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सभी को बेहतर, लंबा जीवन जीने में सक्षम बनाने की उनकी इच्छा से प्रेरित था।

एफ-16 लड़ाकू विमान को गिराने पर

## रुसी सैनिकों को मिल रहा इनाम

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को झटके पर झटके लग रहे हैं। अमेरिकी के एफ-16 फाइटर जेट उनमें से एक हैं। रूस ने एफ-16 को भी मार गिराया है। एफ-16 लड़ाकू विमानों को गिराने वाले रूसी सैनिक मालामाल हो रहे हैं। रूस के येकातेरिनबर्ग शहर की एक कंपनी 'फोरेस' ने 12 सैनिकों को मिलाकर 1.62 करोड़ रुपए का इनाम दिया है। ये कंपनी तेल और गैस के लिए उपकरण बनाती है, लेकिन अब ये युद्ध में भी अपनी धाक जमा रही है। रूस-यूक्रेन सीमा के पास हुए एक समारोह में सैनिकों को ये इनाम दिया गया। यूक्रेन को पिछले साल गर्मियों में बाइडन प्रशासन के तहत अमेरिका से एफ-16 फाइटर जेट्स की पहली खेप मिली थी, लेकिन पहले ही उसके तीन विमान क्रैश हो चुके हैं। इन विमानों को हासिल करने के लिए यूक्रेन को दो साल तक बाइडन से मिन्नतें करनी पड़ी थी। बाइडेन की चिंता थी कि यूक्रेनी पायलटों को इन हाई-टेक विमानों को उड़ाने की ट्रेनिंग नहीं दी गई है।



## दुर्घटना में चार लोगों की मौत, पांच घायल

**मनीला।** फिलीपींस के ओरमोक शहर में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार शाम को उस समय हुयी जब एक ट्रक विपरीत लेन में घुस गया तथा सामने से आ रही मोटरसाइकिल और मल्टी-कैब को टक्कर मार दी। जो फिलीपींस में सार्वजनिक परिवहन के लिए आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला हल्का वाहन है।

शरद पवार के पोते ने बढ़ाया सस्पेंस

## एक बार फिर एक होगा पवार परिवार!

**मुंबई (एजेंसी)।**



क्या महाराष्ट्र के पवार परिवार के दोनों गुट एक हो जाएंगे? यह सवाल महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से बना हुआ है। अब अजित पवार और शरद पवार गुट की एकता के कयास तेज हो गए हैं। इसकी वजह शरद पवार के पोते और उनके करीबी रहे रोहित पवार का एक बयान है। उनसे मीडिया ने पूछा कि अजित पवार की एनसीपी और शरद पवार की एनसीपी-एसपी के बीच विलय हो सकता है। इस पर रोहित पवार ने कहा कि सुप्रिया सुले ही इस बारे में आखिरी फैसला लेंगी। रोहित का विलय को लेकर इनकार न करना और पूरी बात तो सुप्रिया सुले पर छोड़ना मायने रखता है। अब तक रोहित पवार या फिर परिवार का कोई भी सदस्य एकता की बातों को खारिज करता आ रहा था। अब यदि उन्होंने एकता की बात पर खुलकर जवाब नहीं दिया है तो इसके मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि अंदरखाने कुछ चल रहा है। ऐसे में रोहित ने कुछ भी साफ जवाब नहीं दिया। एक कार्यक्रम में बोलते हुए रोहित पवार ने कहा कि साहब ने सुप्रिया सुले को यह जिम्मेदारी दी है। वही इस पर विदेश दौरे से लौटकर बात करेंगी। फिलहाल सुप्रिया सुले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया के कई देशों को जानकारी देने वाले डेलिगेशन के साथ विदेश में हैं। सुप्रिया सुले 5 जून को भारत वापस आएंगी और हम सभी उनका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अजित पवार गुट के साथ विलय को लेकर हमारे विधायकों या कार्यकर्ताओं के बीच कोई बात नहीं हुई।

## राहुल के दौरे से पहले हरियाणा कांग्रेस में हलचल

### शमशेर सिंह गोगी का तीखा बयान



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 4 जून को चंडीगढ़ दौरे से पहले हरियाणा कांग्रेस में अंदरूनी हलचल तेज हो गई है। पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने संगठनात्मक मुद्दों को लेकर बड़ा बयान देते हुए पार्टी के भीतर की खींचतान पर खुलकर नाराजगी जताई है। गोगी ने कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में हरियाणा कांग्रेस के संगठन को मज़बूत किया जा रहा है, लेकिन अगर ज़िम्मेदार पदों पर गलत लोगों को बैठाया गया तो संगठन को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, अगर दूध की रखवाली के लिए बिल्ली को बिठा दोगे तो दूध थोड़ी बचेगा? उनके इस बयान को कांग्रेस के कुछ नेताओं पर परोक्ष हमला माना जा रहा है। गोगी ने ज़ोर देकर कहा कि जिलाध्यक्ष जैसे पदों पर उन्हीं लोगों को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए जो सच्चे कांग्रेसी हों, न कि वे जो अपने निजी स्वार्थ या रिश्तेदारी को प्राथमिकता दें। उनका यह बयान आगामी संगठनात्मक बैठकों से पहले पार्टी के लिए एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के उस बयान का भी समर्थन किया जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपने साथ हुई अन्यायपूर्ण स्थिति की बात कही थी।

## संपादकीय

# लेजर हथियारों के साथ लड़ा जाएगा विश्व युद्ध?



इजराइल दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने युद्ध क्षेत्र में लेजर हथियारों का इस्तेमाल कर दुश्मन के ड्रोन गिराये हैं। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के ब्रिगेडियर जनरल ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने हाई पावर लेजर का पहला प्रयोग युद्ध भूमि पर सफलतापूर्वक किया है। एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें लेजर किरणें ड्रोन पर निशाना साधते हुए दिख रही हैं। लेजर किरणों से ड्रोन के पंख में आग लग गई और वह गिरकर नष्ट हो गया। लेजर सिस्टम की इजराइल डिफेंस कंपनी ने इसे विकसित किया है। यह तकनीक प्रकाश किरण (लेजर बीम) के माध्यम से अपने लक्ष्य को तय करती है और लक्ष्य में पहुंचते ही उसे नष्ट कर देती है। इजराइल लेजर को आयरन बीम के साथ जोड़कर बड़े पैमाने पर इसकी तैनाती कर रहा है। वर्तमान में तीसरे युद्ध की आशंका देखने को मिल रही है। घातक हथियारों से पूरी दुनिया के देश लेस हैं। तीसरा विश्व युद्ध अत्याधुनिक तकनीकी से लड़ा जाएगा, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई, ऑटोमेटिक सिस्टम और घातक हथियारों के साथ होगा। यदि इस प्रकार से तीसरा विश्व युद्ध होगा तो कितना विनाशकारी होगा, इसकी कल्पना मात्र से भय लगता है। पिछले कुछ महीनो में जिस तरह से युद्ध क्षेत्र में पारंपरिक हथियार ड्रोन के माध्यम से अत्याधिक स्वचालित प्रणाली से जो युद्ध लड़े जा रहे हैं, वह मानवीय जीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। अत्याधुनिक प्रभावशाली घातक हथियार जिस तरह से विनाश कर रहे हैं, उसको देखते हुए आज सारी दुनिया भयाक्रांत है। किस देश ने कौन सी तकनीकी तैयार कर ली है और कौन से हथियार तैयार कर लिए गए हैं, इसकी जानकारी अन्य देशों के पास उपलब्ध नहीं होने से इनसे बचाव करना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। रूस और यूक्रेन के बीच पिछले कई महीनों से युद्ध चल रहा है। इसमें दोनों ही देश का भारी विनाश हुआ है। इजराइल आज सारी दुनिया के लिए एक सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच शुरू हुए युद्ध में अभी तक लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा एक तरह से बर्बाद हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इस युद्ध को रोकने में कोई भूमिका अदा नहीं कर पाई हैं। हमास को खत्म करने के लिए इजराइल ने जो हमले गाजा पर शुरू किए थे, वे इतने विनाशकारी होंगे इसकी कल्पना भी वर्तमान में करना मुश्किल है। अब लेजर किरणों से यदि विश्व युद्ध लड़ा जाएगा तो भगवान ही मालिक होगा। इसके परिणाम किस तरह के होंगे, यह कहना मुश्किल है। युद्ध के मैदान में अभी तक लाइटरिंग म्युनिशंस ड्रोन लक्ष्य का पता लगाकर हमला करते हैं। मिसाइल रक्षा प्रणालियां एआई आधारित ड्रोन, परमाणु हथियार, रूस की सामरिक परमाणु मिसाइल, उत्तर कोरिया की हाउसांग मिसाइलें, रासायनिक एवं जैविक हथियारों आदि का तृतीय विश्व युद्ध में यदि उपयोग किया गया, तो विनाश की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जिस तरह से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका दिखने लगी है, उसको देखते हुए महाभारत काल की भी याद आने लगी है। भगवान कृष्ण के कहने पर कौरवों ने पांच गांव भी पांडवों को नहीं दिए थे। महाभारत का युद्ध हुआ। यह इतना विनाशकारी था कि युद्ध खत्म होने के बाद कौरव और उनकी सेना पूरी तरह से नष्ट हो गई। भगवान कृष्ण के नेतृत्व में पांडव यह युद्ध जीत गए थे। लेकिन किसके ऊपर राज करेंगे यह उन्हें समझ नहीं आया। जिनके ऊपर राज करना था वह महाभारत के युद्ध में नष्ट हो चुके थे। ऐसी स्थिति में पांडवों को भी वानप्रस्थ की ओर जाना पड़ा था।

# रेखा सरकार के 100 दिन: उम्मीदों और चुनौतियों का सम्मिश्रण

20 फरवरी 2025 को रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद 27 साल बाद दिल्ली में सत्ता परिवर्तन हुआ और रेखा गुप्ता को इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी का नेतृत्व करने का मौका मिला।रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पहली बार विधायक चुनी गई। हरियाणा के जींद में जन्मी और दिल्ली में पली-बढ़ीं रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर दिल्लीविश्वविद्यालय के छात्रसंघ की अध्यक्ष से शुरू हुआ। वह तीन बार दिल्ली नगर निगम की पार्षद और बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। उनकी नियुक्ति को भाजपा की महिला सशक्तिकरण की परिकल्पना को साधने की रणनीति के रूप में देखा गया। उन्होंने 100 दिन के कार्यकाल में अपनी सधी हुई शुरुआत से इसे साबित करके दिखाया है। न केवल दिल्ली की राजनीती में उन्होंने खुद को बेहतर ढंग से स्थापित करने की कोशिश की है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कार्यों से खुद को अग्रिम पंक्ति में खड़ी सीएम के तौर पर प्रस्तुत किया है। 20 फरवरी 2025 को रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिसके बाद उनकी सरकार ने 30 मई 2025 को अपने 100 दिन पूरे किए। इस अवधि में भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली को विकसित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के वादे के साथ कई पहल शुरू की। सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मंजूरी दी। यह योजना दिल्लीवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करती है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ी है। रेखा गुप्ता सरकार ने केंद्र की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू किया जिसे पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने रोके रखा था। इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है, साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का टॉप-अप दिया जा रहा है। इसी प्रकार वयोवंदना योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के 6 लाख बुजुर्गों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया गया। यह कदम बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 100 दिन में दिल्ली की सेहत सुधारने के लिए 100 दिन की सेवा में 12826 करोड रुपए का बजट दिया गया। 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण की योजना शुरू की गई। सभी सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र बनाने का फैसला लिया गया। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, शिक्षकों की प्रशिक्षण प्रणाली को अपडेट करने और विद्यार्थियों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का सुधार और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया गया है। रेखा गुप्ता ने सरकार की कमान संभालते ही यमुना नदी की सफाई को प्राथमिकता दी। रेखा गुप्ता ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर वहाँ वृक्षारोपण और सफाई की शुरुआत की। यमुना के वसुदेव घाट पर उन्होंने कैबिनेट के साथ आरती की और नदी की सफाई को अपनी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता घोषित किया। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है।सरकार ने यमुना नदी को पुनर्जनन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के साथ एक एमओयू भी साइन किया जिसमें वजीराबाद बैराज से जगतपुर तक फेरी और क्रूज सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई गई। इसी के साथ 27 नए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को मंजूरी दी गई और एक समग्र अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया। यह दीर्घकालिक परियोजना है जिसके ठोस परिणाम अभी सामने नहीं आ पाए हैं। यमुना नदी की सफाई और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे कदम भी उनकी प्राथमिकताओं में हैं। हालांकि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक योजना और संसाधनों की आवश्यकता होगी। रेखा गुप्ता ने मॉनसून से पहले दिल्ली के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सफाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने बाहरी रिंग रोड को गड्ढा-मुक्त करने का लक्ष्य भी रखा जो दिल्ली की बुनियादी ढांचे

**न केवल दिल्ली की राजनीती में उन्होंने खुद को बेहतर ढंग से स्थापित करने की कोशिश की है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कार्यों से खुद को अग्रिम पंक्ति में खड़ी सीएम के तौर पर प्रस्तुत किया है। 20 फरवरी 2025 को रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिसके बाद उनकी सरकार ने 30 मई 2025 को अपने 100 दिन पूरे किए।**

की समस्याओं को हल करने की दिशा में एक प्रयास है। यमुना की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण में प्रगति धीमी है और दिल्ली अभी भी सबसे प्रदूषित राजधानियों में अग्रणी है। सड़कों की स्थिति सुधारने, ट्रैफिक जाम को कम करने और सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं। दिल्ली में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक मशीनें मंगवाकर सीवर और नालों की सफाई शुरू की जिससे मिंटो ब्रिज जैसे क्षेत्रों में सुधार हुआ और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। शालीमार बाग में आयुर्वेदिक झुग्गी में सीवेज प्लांट की समस्या हल हुई वहीं हैदरपुर गांव में नई नाली बनाई गई और मैक्स अस्पताल के पास खुले नाले को 34 लाख रुपये की लागत से ढका गया। ये कदम जल निकासी और स्वच्छता में सुधार ला रहे हैं लेकिन पूरी दिल्ली की तस्वीर बदलने में अभी लम्बा समय लगेगा। मई 2025 में दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 तक पहुंच गया, जो मई के महीने में अभूतपूर्व था। प्रदूषण के निवारण के लिए अभी दिल्ली को किसी दीर्घकालिक योजना की दरकार है। 100 दिवस के कार्यकाल में 16 लाख मीट्रिक टन गाद यमुना से हटाई गई और 804 करोड़ की लागत से आठ अमृत परियोजनाओं को मंजूरी सरकार के द्वारा दी गई। यमुना की सफाई के लिए 40 एसटीपी मंजूर किये गए। 1167 जीपीएस टैंकर चलकर दिल्ली के टैंकर माफिया के खिलाफ बड़ा प्रहार किया गया। दिल्ली में आम जान से सुझाव मांगे और 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट सरकार द्वारा पेश किया गया। मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकार ने 30 हजार तक अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है। आगामी तीन वर्षों में 2. 3 लाख घरों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने का संकल्प लिया है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में सरकार ने 75 सीएम श्री स्कूल शुरू करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 1 लाख 63 हजार बच्चों को फ्री नीट और जेईई की कोचिंग की सुविधा सरकार द्वार दी गई। सरकार का वर्तमान में फोकस स्कूलों और नगर निगम के पुस्तकालयों को डिजिटल करने का है। सार्वजनिक परिवहन को दुरुस्त करने के लिए सरकार ने 460 इलेक्ट्रानिक बसें चलाई। इस साल के अंत तक शहर में 4,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि झुग्गियों को तोड़ा नहीं जाएगा, बल्कि वहां पेयजल, सीवर पाइपलाइन और शौचालय जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।यह नीति झुग्गीवासियों के लिए राहत लेकर आई जो पहले वोट बैंक के रूप में देखे जाते थे और तोड़े जाने के डर से जूझते थे। एक समावेशी कदम है, जो गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर कर सकता है लेकिन संसाधन आवंटन और कार्यान्वयन की चुनौती बनी हुई है। अभी भी दिल्ली गैस चैंबर बानी हुई है और जाम की समस्या से हर घंटे जूझ रही है। ओखला लैंडफिल साइट पर 60 मीटर ऊंचे कचरे के पहाड़ को बायो-माइनिंग तकनीक से 20 मीटर तक कम किया गया। 62 एकड़ में फैले इस लैंडफिल के 30 एकड़ को उपयोगी बनाया गया और 56 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण हुआ। दिसंबर 2025 तक 30 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त कचरे को हटाने का लक्ष्य है, जिसे अक्टूबर तक पूरा करने की कोशिश है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक ठोस कदम है लेकिन तय समय सीमा में लक्ष्यों को पूरा करना सरकार की दक्षता पर निर्भर करेगा। रेखा गुप्ता ने निजी स्कूलों की फीस को नियंत्रित करने के लिए अध्यादेश लाने की योजना का खुलासा किया ताकि माता-पिता पर अनुचित बोझ न पड़े। यह शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम है लेकिन निजी संस्थानों के साथ समन्वय और कानूनी प्रक्रिया इसे जटिल बना सकती है। रेखा गुप्ता ने विश्वास, विकास और व्यवस्था पर शुरूआती 100 दिनों में सधी हुई शुरुआत की है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 100 दिन सेवा के कार्यक्रम में अभिनेता अनुपम खेर के साथ संवाद ने जनता को उत्साहित किया। रेखा गुप्ता की सक्रियता और जमीनी स्तर पर काम करने की शैली को जनता ने भी सराहा है। उनके द्वारा सड़कों पर उतरकर नालों का निरीक्षण और यमुना आरती जैसे कदमों को जनता से जोड़ने की कोशिश के रूप में देखा गया।डबल और ट्रिपल इंजन सरकार के नारे के साथ भाजपा पर दिल्ली को विश्वस्तरीय बनाने की जिम्मेदारी है जो आसान नहीं है। शुरूआती 100 दिनों में रेखा गुप्ता ने प्रशासनिक ढांचे को सुधारने, सरकारी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने और भ्रष्टाचार पर कड़ी नज़र रखने का वादा किया है। उनकी सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें सरकारी दफ्तरों में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देना और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना शामिल है। इन कदमों से उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार होगा। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, शिक्षकों की प्रशिक्षण प्रणाली को अपडेट करने और विद्यार्थियों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। इसके साथ ही, दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का सुधार और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया गया है। रेखा गुप्ता के 100 दिनों में आयुष्मान भारत, यमुना सफाई, जलभराव समाधान, झुग्गी सुधार और कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। हालांकि, 100 दिन किसी सरकार के प्रदर्शन का पूर्ण मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। प्रदूषण, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और बुनियादी ढांचे की पुरानी समस्याएं अभी भी चुनौती बनी हुई हैं। दिल्ली चुनावों के दौरान भाजपा ने बड़े जोर शोर से महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना लागू करने के वादे बड़े जोर शोर से किये थे जिसमें 2500 रु देने की बात कही थी लेकिन भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने के बाद भी यह योजना अभी तक अधर में लटकी है और विपक्ष के निशाने पर भाजपा है। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के साथ विकसित दिल्ली अभी दूर की गोटी है। आने वाला समय इस दिशा में उनकी काबिलियत को परखेगा। रेखा गुप्ता के पहले 100 दिन दिल्ली में बीजेपी की नई सरकार के लिए एक मजबूत शुरुआत का प्रतीक रहे। महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यावरण और बुनियादी ढांचे पर उनके कदम जनता के बीच विश्वास जगाने की कोशिश करते हैं। हालांकि प्रदूषण, जाम ,जलभराव और चुनावी वादों को समयबद्ध तरीके से लागू करने की पहाड़ सरीखी चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शुरूआती 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण बदलाव और फैसले हुए हैं। कहा जा सकता है कि उनके पहले 100 दिन आम नागरिकों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहे हैं।

## कविता

### ज़िन्दगी तो नहीं एक दर्द है...



ये ज़िन्दगी, ज़िन्दगी तो नहीं एक दर्द है,
मैं दामन छुड़ाना चाहू रहती इर्द-गिर्द हैं।
रोज़गार की तलाश में दर-2 भटक लिए,
कोई कैसे जिए, घुट-घुटकर आँसू पिए।
कभी-कभी लगता जग सारा हैं हत्यारा,
बेअदब व खुशामद-वालों का दिलदारा।
ये ज़िन्दगी, ज़िन्दगी तो नहीं एक दर्द है,
मैं दामन छुड़ाना चाहू रहती इर्द-गिर्द हैं।
इसकी जकड़न तो न जीने देती न मरने,
तड़पता रहता हूँ क्यों?नहीं देती सँवरने।
अब ज़िन्दगी से डगमगा रहे मेरे हैं पांव,
क्यों? ना दिखाई देते हैं किसी को घाँव।
ये ज़िन्दगी, ज़िन्दगी तो नहीं एक दर्द है,
मैं दामन छुड़ाना चाहू रहती इर्द-गिर्द हैं।
तन्हा हूँ यादों में डूबकी लगाता जा रहा,
गहराई में खुशियों के पलों को जी रहा।
समझकर भी वे तो नासमझ समझते है,
अब तो वो खफा, हम अलहदा रहते हैं।

**संजय एम तराणेकर**
**इन्दौर-452011**

## लघुकथा

### तंज

तेरा ये क्या नाटक है मंगली। मेरे इतना मना करने के बावजूद अपने छोटे से बच्चे को काम की जगह पर ले आती हो। इससे तुम्हारा काम डिस्टर्ब होता है। वो थोड़ा सा रोयेगा, फिर पकड़ कर बैठ जाओगी। मंगली को रोज ठेकेदार का टोकना बहुत बुरा लगता था। आज तो मंगली अपने बच्चे को अपने बगल में बाँधकर काम पर लग गयी। फिर भी ठेकेदार ने ईंटें ढोती हुई मंगली पर ताना कसना नहीं छोड़ा- वाह ! तेरा भी कमाल नहीं मंगली ! मानना पड़ेगा तुझे ! देख, तेरा बच्चा तेरे सर के ईंटों को कैसे एकटक देख रहा है ! हाँ भाई, उसे भी तो कल यही काम करना है।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

### गोधूलि

गोधूलि बेला में गायों का रंभाना और गले में बंधी घंटियों का झूलते हुए बजना, कानों में नवरस घोल रहा था। वहीं आकाश में फैला सिंदूरी रंग मन मोह रहा था।हर शाम की तरह बिरजू चौपाल पर बैठकर नज़रें गड़ाए हुए था कि तभी गणसिया ने दिल थामते हुए पूछ ही लिया, का बात है बिरजू भैया, रोज़ बैठते हो चौपाल परज मगर आस भरी नज़रें कहीं और लगी रहती हैं?लंबे विराम के बाद बिरजू ने चुप्पी तोड़ी मुन्ना कह रहा थाज इस बार की गर्मियों में बच्चों को गांव लेकर जरूर आएगाज कहते-कहते उसकी आवाज़ रूंध गई। उधरज अस्ताचल में सूरज धीरे-धीरे कब ढल गया मालूम ही न चला ।

**विजय सिंह चौहान**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# बिकवाली हावी होने से शेयर बाजार में खुलते ही बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स 500 से ज्यादा अंक टूटा, निफ्टी 24600 के नीचे




**मुंबई ।** एशियाई बाजारों से मिलेजुले रूखे के बीच भारतीय शेयर बाजार जून महीने के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बड़ी गिरावट लेकर लाल निशान में खुले। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के स्टील आयात पर टैरिफ को 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने के ऐलान से मेटल स्टॉक्स में गिरावट आई। इसके सीधा सार बाजार पर भी बड़ा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 81,214 पर खुला। हालांकि खुलते ही बाजार में बिकवाली हावी हो गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 675.09 अंक की गिरावट लेकर 80,775.92 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,669.70 अंक पर खुला। खुलते ही इंडेक्स में गिरावट गहरी हो गई। जिसके बाद यह 198.45 अंक फीसदी की गिरावट के साथ 24,568 पर कारोबार कर रहा था। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी महीने के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को कई कारकों से प्रभावित होने की संभावना है। इसमें उम्मीद से अधिक मजबूत चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े, ट्रम्प स्टील टैरिफ, मई के लिए अंतिम अमेरिकी और भारतीय विनिर्माण पीएमआई आंकड़े, विदेशी निवेशकों और वैश्विक बाजारों से संकेत शामिल हैं। इससे पहले भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.01 अंक की गिरावट लेकर 81,451.01 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 82.90 अंक गिरकर 24,750.70 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की तरफ से स्टील आयात पर टैरिफ में भारी वृद्धि की घोषणा के बाद एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। निक्केई में 1.21 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स में 0.83 प्रतिशत की गिरावट आई। एएसएक्स200 में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर, कोस्पी ने इस रुझान को पलटते हुए 0.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। चीन, मलेशिया और न्यूजीलैंड के बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। जून के पहले कारोबारी सेशन से पहले अमेरिकी शेयर फ्यूचर्स में गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 और नैस्डैक-100 वायदा दोनों में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि डॉव जोन्स फ्यूचर्स में भी 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट पर मिलाजुला सत्र रहा। एसएंडपी 500 लगभग अपरिवर्तित रहा, केवल 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ। नैस्डैक में 0.32 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि डॉव जोन्स में 0.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# रुपया 12 पैसे चढ़कर 85.43 प्रति डॉलर पर

## रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.55 पर बंद हुआ था

**मुंबई । विदेशी मुद्रा के कमजोर होने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 12 पैसे मजबूत होकर 85.43 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति में प्रमुख ब्याज दर में और कटौती की उम्मीदों से भी घरेलू मुद्रा को बल मिला।**




विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि अस्थिर शेयर बाजार, विदेशी पूंजी की निकासी तथा वैश्विक व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारतीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.55 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ 85.43 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.55 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.21 पर रहा।

# सोने के भाव में तेजी, चांदी ने भी दिखाई चमक

## सोने के भाव 96,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 97,200 रुपए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सोने-चांदी के वायदा भाव सोमवार कारोबार की शुरुआत में तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोमवार को सोने के भाव 96,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 256 रुपये की तेजी के साथ 96,131 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,875 रुपये था। इस समय यह 255 रुपये की तेजी के साथ 96,130 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 361 रुपये की तेजी के साथ 97,376 रुपये पर खुला।

पिछला बंद भाव 97,015 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 170 रुपये की तेजी के साथ 97,185 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,296.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,288.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 17.70 डॉलर की तेजी के साथ 3,306.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.13 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 33.02 डॉलर था। इस समय यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 33.14 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## अ भा फेडरेशन के स्थापना दिवस पर मानव सेवा के उल्लेखनीय कार्य



**इंदौर।** अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन (रजि) द्वारा सात दिवसीय मानव सेवा के कार्य प्रारंभ किए जिसके अन्तर्गत जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप जैनम द्वारा प्रातः 9 बजे अग्रवाल धर्मशाला एम.वाय.के सामने भोजन एवं वस्त्र वितरण किया गया। जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप प्राइम द्वारा मातृ छाया चिकित्सक नगर पर निराश्रित बच्चों के पोषण हेतु प्रोटीन युक्त सामग्री प्रदान की गई। जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप पी एम परिवार द्वारा निराश्रित वृद्ध जनों के लिए पलंग, गादी,तकिए,बेडशीट ओर भोजन प्रदान किया गया। जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप पायोनियर द्वारा बहुउद्देशीय सेवा संस्थान के बच्चों के लिए वर्ष भर की खाद्य सामग्री भेट की गई। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने बताया कि फेडरेशन विगत 30 वर्षो से मानव सेवा के क्षेत्र में निरन्तर कार्य करती आ रही है। मानव सेवा सप्ताह के इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र जैन,कार्याध्यक्ष श्री नरेंद्र भंडारी,महासचिव वीरेंद्र नाहर,किरण सिरोलिया, राष्ट्रीय चेयरमैन श्री प्रभात चोपड़ा,मानव सेवा कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन सी ए विनोद जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल जैन,चिकित्सा कमेटी के रूपेंद्र नारेलिया,मार्गदर्शक निर्मल पगारिया,सम्मिलित हुए। सोश्यल ग्रुप्स के सुशील तांतेड़,विकास हुंडिया,राजेश साभद्रा,मनोज जैन,सुरेंद जैन,शैलेन्द्र नाहर, राजेंद्र गांधी,आशीष धारीवाल,बहादुर सिंह धाकड़,बसंत बाफना,एकता जैन,स्वप्निल संचेती,नवीन जैन,हेमंत जैन, का विशेष योगदान रहा।

## विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस सभी स्टेकहोल्डर के साथ विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम श्री रोशन राय, विमानतल निदेशक श्री विपिनकांत सेठ, सीनियर कमांडेंट सीआईएसएफ श्री दलाई जी, एसीपी श्री विवेक चौहान, सीएमएचओ श्री बी.एस. सैत्या, एयरपोर्ट मैनेजर श्री अमोल ठाकुर तथा नगर निगम, बीएसएफ एवं विमानतल सुरक्षा संबंधी अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि पंछियों के हवाई जहाज से टकराने के कारण होने वाले हादसे के संबंध में 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से अवेयरनेस का काम किया जाए। बिजासन टेकरी के मेला क्षेत्र के सफाई को लेकर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए गए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि प्रचालन क्षेत्र में मिलने वाले सियार, जंगली बिल्ली जैसे वन्य जीवों के नियंत्रण हेतु विमानतल प्रबंधन की सहायता करें और इन जीवों को रिलोकेट करें। बैठक में विमानतल प्रबंधन ने पेड़ों के सुरक्षित प्रबंधन के लिये नगर निगम को धन्यवाद दिया। नगर निगम द्वारा मानसून के पूर्व ही समय से विमानतल क्षेत्र में पेड़ों की सुरक्षित छंटाई कर दी गई है। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर पेड़ों की छंटाई का कार्य निरंतर कराया जाये। बैठक में विमानतल विकास से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## नियाज़ अली सरकार उर्स के लंगर की चर्चा एक रसोइए ने बनाया 160 देग लंगर

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में एमजी रोड़ तुकोगंज स्थित में हज़रत अली सरकार के इस बार के उर्स में लंगर की तारीफ चारों तरफ हो रही है।तीन दिन चले उर्स में पहले दिन हैदराबाद के मीर मुज्तबा अली यज़दानी बाबा की तरफ से लंगर हुआ। बाकी 2 दिन कमेटी की तरफ से लंगर हुआ। नियाज़



अली सरकार वक्फ कमेटी के सदर अशफाक हुसैन गोलू ने लंगर के लिए बड़े पैमाने पर इंतज़ामात किये। आजाद नगर के रसोइए (खानसामा)-फ़िरोज़ भाई केटरर को लंगर बनाने की जिम्मेदारों सौंपी। फ़िरोज़ भाई अकेले ने दो दिन में लगभग 160 देग लंगर बनाकर रिकार्ड कायम कर दिया। पिछले साल भी खानसामा फ़िरोज़ भाई यहां लंगर बना चुके हैं। अब उनकी तारीफ चारो तरफ हो रही है। वैसे फ़िरोज़ भाई कैटरर्स आजादनगर में नॉन वेज पकवान बनाने के लिए मशहूर हैं। चिकन, मटन, ब्रियानी, पुलाव हो या स्टार्टर कबाब,टिक्का हो या फिर मीठे में इन दिनों उनका आमखंड ने लोगों दीवाना बना रखा है। और जायके का सिलसिला लंगर तक कायम है। लंगर में हमेशा बरकत रहती है। तभी तो नियाज़ अली सरकार दादा पीर के उर्स मुबारक में जब लंगर शुरु हुआ तो रुकने का नाम नहीं लिया। बल्कि बरकत इतनी रही कि देर रात तक हजारों लोग लंगर खाते करते रहे। फिर इस बार लंगर के अलावा मिठाई, चॉकलेट, फ्रूट्स, बिस्किट और कई तरह के तबर्रुक भी तक़सीम होते रहे। बड़ी तादाद में महिलाओं ने भी लंगर खाया। न खाने वाले लोग रुक रहे थे और न खिलाने वाले हाथ थक रहे थे।

मेजिक चालकों की मनमानी चरम पर

# गेट पर लटकते मजदूर, ओवरलोडिंग से जान जोखिम में, रात को वसूला जा रहा डबल किराया

## यातायात पुलिस बनी मूकदर्शक, नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

**पीथमपुर।** औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में मजदूरी करने वाले हजारों श्रमिकों की जिंदगी इन दिनों खतरे में है। महू से पीथमपुर आने-जाने वाले श्रमिकों को लेकर चलने वाले मेजिक वाहन चालकों की मनमानी और अवैध वसूली लगातार बढ़ती जा रही है। ओवरलोडिंग तो आम बात हो गई है, कई बार तो गाड़ी के गेट पर मजदूरों को लटकाकर ले जाया जा रहा है, जिससे हादसे का खतरा हर पल बना रहता है।

### रात में किराया होता है दोगुना

रात की शिफ्ट में काम कर लौटने वाले मजदूरों से दोगुना किराया वसूला जाता है। जहां दिन में 20 से 25 रुपए में मजदूर सफर करते हैं, वहीं रात को यही दूरी 40 से 50 रुपए में तय कराई जा रही है। मजबूरी में मजदूरों को यह शोषण चुपचाप सहना पड़ता है।

### यातायात पुलिस का रवैया उदासीन

इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग कार्रवाई से दूर हैं। मेजिक वाहन बिना फिटनेस, ओवरलोड और नियमों की अवहेलना करते हुए बेरोक-टोक दौड़ रहे हैं। न नंबर प्लेट की जांच हो रही है, न चालक के लाइसेंस की।

दुर्घटनाओं का बना है खतरा

इन वाहनों में 8 से 10 सवारियों



की क्षमता होती है, लेकिन इसमें 15 से 20 मजदूर भर दिए जाते हैं। कुछ मजदूर गाड़ी की छत या गेट पर लटकते हुए नजर आते हैं। कई बार ओवरलोडिंग के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन की नींद नहीं खुली है।

### मजदूर बोलेः कोई विकल्प नहीं, मजबूरी है चुप रहना

बैतूल, खरगोन, खंडवा, देवास जैसे दूरदराज जिलों से आकर पीथमपुर की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि ÷अगर ये गाड़ियाँ नहीं पकड़ें तो फैक्ट्री देर से पहुंचेंगे, छुट्टी होगी और दिहाड़ी कटेगी। किराया कितना भी ले, जाना तो इन्हीं से है।

### प्रशासन से उठी सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय सामाजिक संगठनों और मजदूर यूनियनों ने इस विषय पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि रात्रिकालीन शिफ्ट के मजदूरों के लिए नियमित बस सेवा या वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की जाए ताकि उनका शोषण न हो और जीवन सुरक्षित रहे।

## स्वच्छ जल के लिए सभी मिलकर 'प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करेंगे'



**इंदौर।** जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में पर्यावरण सप्ताह के तीसरे दिन का आयोजन अत्यंत प्रभावशाली और जागरूकता से भरपूर रहा। इस दिन का विषय था- आओ मिलकर स्वच्छ जल के लिए प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करें।

कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन ने एक प्रार्थना के बाद सभी का स्वागत करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष में 1992 में पृथ्वी सम्मेलन में भाग ले कर इंदौर लौटने के दिन से उन्होंने अपना जीवन पर्यावरण संरक्ष्ण को समर्पित है हर साल विश्व पर्यावरण दिवस पर सप्ताह भर परिसंवाद कर बड़ी संख्या में अपनी जीवन शैली और जागरूकता और साल भर निशुल्क प्रशिक्ष्ण से बहुत लोग जुड़े है सभी ने मिलकर इंदौर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाया लेकिन प्लास्टिक इतना बढ़ गया कि समस्त प्राणियो के जीवन को खतरा बन गया। इस बार उनके ट्रस्ट द्वारा आयोजित 33वा वार्षिक पर्यावरण यू एन ई पी थीम पर प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने के उदेश्य से सभी पर्यावरण के लिए संवेदनशील संस्थाऔ और लोगो के साथ मिलकर प्लास्टिक प्रदूष्ण पर काबू पाना है

मुख्य विशिष्ट अतिथि पद्मश्री भालू मोंढे ने सभी नागरिकों में सफाई और पर्यावरणीय संवेदनशीलता और दैनिक जीवन में अपने स्वभाव और आदतों को बदलना होगा। प्लास्टिक में खाना खाने और बोतलों में पानी पीने की आदतें लोगों की सेहत और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचा रही हैं। आज वे 80 वर्ष की उम्र में भी स्वस्थ हैं क्योंकि उनके समय में पत्तल-दोनों का उपयोग होता था। आज के युवा कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं, जिसका एक बड़ा कारण प्लास्टिक का हमारे भोजन में शामिल होना है।

मुख्य वक्ता पानी विशेषज्ञ सुधिंदर मोहन शर्मा ने ऋग्वेद के मंत्र से शुरुआत करते हुए कहा जल स्वच्छ रहे, सूर्य हमेशा रहे, वृक्ष बढ़ते रहें, पृथ्वी समृद्ध रहे को सार्थक करना होगा। अब पानी में 2 मि मी से भी छोटे माइक्रोप्लास्टिक और अत्यंत सूक्ष्म नैनो प्लास्टिक के कणों का प्रदूषण हो गया है, यह स्थिति अत्यंत भयावह है। विश्व में प्रति सेकंड में 5000 प्लास्टिक बोतलें बिक रही हैं - इससे पृथ्वी को कितना नुकसान हो रहा है इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

मुख्य अतिथि दीपक सिंह, आयुक्त, इंदौर संभाग ने अपने ग्रामीण परीप्रेक्ष्य से अनुभव साझा करते हुए कहा कि 90 के दशक में ग्रामीण भारत में फैले नारू रोग की समस्या को बहुत करीब से देखा है। कैसे स्वच्छ जल और जागरूकता ने इस रोग को समाप्त किया। भगवद गीता में उल्लेखित पीपल वृक्ष का भी आपने उदाहरण दिया जो पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी आदि के जीवन अब उठो इस एक पंक्ति ने उन्हें जाग्रत किया और प्रेरणा दी। उसी तरह हमारा सौभाग्य कि इतने दशकों से जनक दीदी समाज और पर्यावरण सेवा को समर्पित है। कार्यक्रम का संचालन जयंती सिक्का ने करते हुए कहा कि आज दुनिया में प्लास्टिक के 5 विशाल पैच बन चुके हैं, जिनमें सबसे बड़ा पैच फ्रांस से तीन गुना बड़ा है और प्रशांत महासागर में स्थित है। कार्यक्रम का समापन ट्रस्ट के वीरेन्द्र गोयल के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए अत्यंत प्रभावशाली पंक्ति के साथ हुआ - खुद को बचाओ, पर्यावरण अपने आप बचेगा।

## घर की छत पर एक तिरंगा रहने दो

### हज़रत दावलशाह वली के उर्स में सजी कव्वाली की महफ़िल



**इंदौर।** कौमी एकता के संदेश के साथ सिरपुर तालाब पर हज़रत दावलशाह वली का 19वां सालाना उर्स अक़ीदत के साथ मनाया जा रहा है। रात को सिरपुर तालाब दरगाह रोशन रही और रौनक देखने लायक है। जायरीन मुराद लेकर पहुंच रहे है। उर्स के दूसरे दिन शानदार कव्वाली भी हुई। बीती रात कव्वाली की महफ़िल में मुंबई के फनकार शाह मुराद चिश्ती ने सूफियाना कलाम सुनाकर खूब समां बांधा।बतौर ख़ास मेहमान विपिन वानखेड़े, फादर आनंद, अभिषेक जाट, गौरव सौलंकी, राकेश मौर्य, भरत चंदेल, हकीमुद्दीन आसिफ, और सभी प्रमुख सूफी-संतों ने शिरकत की। सूफी जावेद बाबा की दस्तारबंदी की गई। उर्स संयोजक हाजी सोहराब पटेल ने अतिथियों व कव्वालों का स्वागत किया। युवा कव्वाल शाह मुराद चिश्ती ने मंच संभालते ही पहले हम्दे पाक फिर नात सुनाई।। उन्होंने तिरंगे से प्यार का इज़हार भी किया-बहती है प्रेम की गंगा बहने दो,



मत फैलाओ देश में दंगा रहने दो।
लाल हरे रंग में न बांटो हमको,
घर की छत पर एक तिरंगा रहने दो

उन्होंने यह कलाम सुनाया- ये प्यार मोहब्बत के फूलों के सबका दिल महकाते हैं, इस मिट्टी से मेरे नबी को वफ़ा की खुशबू आती है,या गरीब नवाज, रुतबा मेरे मोइन का कितना बुलन्द है जैसे उम्दा कलाम सुनाए।

इस मौके पर उर्स कमेटी के संयोजक हाजी सोहराब पटेल, अध्यक्ष हाजी सादिक़ पटेल, उर्स कमेटी के सचिव सादिक़ अली, उपाध्यक्ष फारूक पटेल, दिलावर पटेल, हनीफ पटेल गोल्ड, नौशाद पटेल जेसीबी, डॉक्टर इमरान, एहसान ठेकेदार, सचिव सादिक अली, कुदरत, कबाड़ी, सहसचिव सन्नी पटेल, अनीस खान,अंसार लाला, अवेस खान, सोहेल पटेल, जुबैर पटेल सहित बड़ी संख्या में हिन्दू-मुस्लिम भाई मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर का जन्मदिन मनाया



**पीथमपुर।** केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर का जन्मदिन रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। आयोजन का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता अमृत जैन ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के धार जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, मुकेश शर्मा, बलराम मीणा, युवा नेता साहिल कुरेशी सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंत्री सावित्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ठाकुर के सार्वजनिक जीवन, उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके योगदान को याद किया।

**कार्यक्रम में दिखा अनुशासन और उत्साह**-भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और जोश का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उपस्थित जनों ने कहा कि सावित्री ठाकुर जैसी जमीनी नेता का होना पार्टी और समाज के लिए गर्व की बात है।

## रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ समर कैम्प का समापन

**इंदौर।** एडवांस गुरुकूल एकेडमी परिसर पल्लर नगर में स्कूली बच्चों के लिए आयोजित आनंदम महोत्सव समर कैम्प का समापन बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। प्राचार्या प्रीति प्रपन्ना ने बताया कि इस कैम्प में बच्चों को पेंटिंग, डांस व अन्य गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। समापन अवसर पर बच्चों ने विभिन्न नृत्य नाटिकाओं, गीत संगीत आदि की प्रस्तुतियां दी। समापन के अतिथि



कमल मूले ने श्रेष्ठ प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के परिजन भी उपस्थित थे।

# तालाबंदी की शिकार महाराष्ट्र ब्राम्हण बैंक के 25- 50 हजार रुपयों के बकायादारों के साथ सख्ती

## लाखो के धोखेबाज ऋणग्रहीताओ- बकायादारों पर कोई सख्त कार्रवाई नही!

बीस साल पहले करोड़ो रुपयों के गबन-घाटे-घोटालो की वजह से डूब चुकी 75 साल पुरानी महाराष्ट्र ब्रा.सहकारी बैंक के परिसमापक(सहकारिता अधिकारी) द्वारा 25 - 50 हजार रुपयों की ऋण वसूली के लिये संबंधित बकायादारों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। वहीं दूसरी ओर कई ऐसे धोखेबाज ऋणग्रहीता है जिन्होंने बैंक के भ्रष्ट पदाधिकारियों से साठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों से-बिना कोई गारंटी दिये लाखों का ऋण लिया है। और अब ऊंची पहुंच-प्रभाव और कलियुगी साधनों से लंबे अर्से से बकाया चुका नही रहे है। इनके विरुद्ध बैंक की ओर करोड़ों की वसूली और कुर्की के प्रकरण इंदौर तहसील अदालत में लंबित है। लेकिन तहसीलदारों ने इसमें कोई दिलचस्पी नही ली। तहसीलदारों के तबादले होते गये और मामले पेंडिंग होते रहे है।

परिणाम स्वरूप निर्दोष डिपोझिटर्स कल्पनातीत तनावग्रस्त जिंदगी जी रहे है। पूर्व कलेक्टर पी.नरहरी के पास भी ऐसे अनेक मामले पहुँचे थे। उन्होंने बैंक परिसमापक पर तो सख्ती की थी। लेकिन तहसीलदारो की ओर से अब तक कुर्की की कार्यवाही नही की गयी। वर्तमान कलेक्टर अगर चाहे तो ऐसे ऋण अदायगी टालनेवाले बकायेदारों पर कुर्की की कार्यवाही कर उन्हें उस स्थान से बेदखल करने की कार्यवाही कर तो वसूली संम्भव है। नौ साल पहले तहसीलदार बिहारीसिंह ग्यारह वर्षो सतक ऋण अदायगी टालते रहे द्य उसके बाद भी बाद ऐसी सख्त कार्यवाही नही हुई। इसी बैंक से सुमित्राताई की करीबी और इंदौर परस्पर बैंक की डायरेक्टर के बेटे सुरेश बापट से लगभग 40- 45 लाख वसूलना बाकी है। उक्त ऋण प्रकरण में शकुंतला बापट जमानतदार होकर उनके स्वामित्व का मकान गिरवी रखा गया है द्य इस महिला को पति और मीसा बंदी पेंशन मिलती है द्य बावजूद सुरेश बापट के विरुद्ध बरसो से सख्त कार्यवाही नही हो पा रही है। इसी तरह ताई की निज सचिव रह चुकी महिला का पति वसंत म्हस्कर से एक करोड से ज्यादा वसूली बाकी है द्य इंदौर का झूठा पता बताकर कर्ज लेनेवाले मंडलेश्वर के अनिल जहागिरदार महाराज से बडी वसूली होना है द्य इसके अलावा 10 दोषी संचालको से 97 लाख की वसूली बाकी है।

ऐसे कई मामले है जिनपर तहसीलदार सियासती दबाव की वजह कार्यवाही करने से हिचकिचा रहे है। जिसका खामियाजा बेचारे निर्दोष अमानतदारो को भुगतना पड़ रहा है। बैंक के पूर्वाध्यक्ष अनिलकुमार धड़वईवाले ने मुख्य मंत्री से अपील की है कि वे कलेक्टर और तहसीलदार को सख्ती व निष्पक्षता से कार्यवाही करने संम्बंधी निर्देश देंवे। अब बैंक के दोनों भवन भी बिक चुके है द्य इन दिनों बैंक का कामकाज लोकमान्य नगर के कुछ छोटे कमरों में चल रहा है।

प्रदेश के 8 जिलों से निकली गो क्रांति यात्रा सिंघाना पहुंची

# क्रांतिकारी गौ यात्रा का भव्य स्वागत

**सिंघाना (चेतन जिराती) देशभर में गौ सेवा, पर्यावरण जागरूकता और अध्यात्मिक चेतना का संदेश देते हुए राष्ट्र स्तर गो क्रांतिकारी गो रथ यात्रा रविवार शाम को बाइक रैली के साथ निकाली गई। यात्रा नगरवासियों के लिए आस्था, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से जुड़ने का एक अद्वितीय अवसर बनी। मनावर रोड मां हरसिद्धि मंदिर से प्रारंभ हुई,यात्रा में नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**





त्रा का नेतृत्व कर रहे राष्ट्र स्तरीय क्रांतिकारी संत गोपाल स्वामी गौशरणानंद सरस्वती महाराज स्वयं गो रथ के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा हल्दीघाटी से प्रारंभहोकर पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर रही है। इसका उद्देश्य गौमाता की सेवा, भारतीय संस्कृति का संवर्धन, गो आधारित जैविक कृषि को बढ़ावा देना, देशभर में गो चिकित्सा व अनुसंधान केंद्रों की स्थापना का संदेश देना है। रथ यात्र के साथ नगर में बाइक रैली भी निकाली गई, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में भगवा ध्वज लहराते हुए गौमाता के जयकारे से नगर गूंज उठा। रथ में विराजित गोमाता को हरा चारा खिलाकर जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। महिलाओं व बच्चों ने गोमाता को हरा चारा अर्पित किया और श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा हरसिद्धि मंदिर से प्रारंभ होकर, बस स्टैंड, गणेश मंदिर, से सीरवी मोहल्ला, राम मन्दिर होते हुवे सिंघाना के हृदय स्तंभ झंडा चौक धर्म सभा स्थल पर पहुंची,जहां पर संत गोपाल स्वामी के द्वारा को भक्ति में भजन व धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में को भक्ति एवं मातृ शक्ति उपस्थित हुए सर्वप्रथम गाय माता का पूजन कर साधु संतों का सम्मान सत्कार किया और अंग वस्त्र से संतो का सम्मान किया गया। साथ ही गोकुल गौशाला मनावर, कामधेनु गऊ शाला निंबोल, करोली गौशाला से आए गौभक्तों सेवकों पूर्व ज्वाइन डायरेक्टर पशु पालन विभाग डावर, पंवार, का पुषमाला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण उपसरपंच गौभक्त संदीप अग्रवाल ने दिया और मां हरसिद्धि गऊ शाला सिंघाना कि जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में लगभग 700गौमाता गऊ शाला में स्वच्छंदता से विचरण कर रही हैं। सिंघाना और आस पास क्षेत्र के किसान भाइयों के सहयोग से चारा, कड़बी, सब्जियां उपलब्ध होती रहती हैं एवम् गऊ ग्रास वाहन द्वारा रोटियां भी नगर से एकत्रित होती हैं जिसके लिए मातृ शक्ति को साधुवाद दिया आभार व्यक्त किया गया।

**लौकिक आंखों से जगत दिखता है जगदीश नहीं – संत गोपाल स्वामी**

संत गोपाल स्वामी जी ने कहा की जब हम मंदिर जाते हैं तो हमारे नयन भगवान् के सम्मुख अपने आप बंद हो जाते हैं, कोई कहता नहीं फिर भी, इसका कारण है कि इन लौकिक आंखों से जगत को देखा जाता है, जगदीश को नहीं, उसके लिए आपको ज्ञान चक्षु की आवश्यकता रहती है । इसी तरह गो माता को माता मानते हैं तो उसे भी इन लौकिक आंखों से नहीं अपितु भीतर की आंखों से देखा जाता है, तभी उसके दिव्य दर्शन होंगे ।

**गोमाता केवल पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं-** क्रांतिकारी प्रवचन सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गोपाल स्वामी महाराज ने कहा कि गोमाता केवल पशु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनके गोबर और गोमूत्र में लक्ष्मी का वास होता है और उनके शरीर में करोड़ों देवी-देवताओं का निवास माना गया है। यदि प्रत्येक नागरिक संकल्प ले कि वह अपने घर में गो सेवा करेगा, तो देश का हर गांव आत्मनिर्भर बन जाएगा। उन्होंने गो तस्करी रोकने के लिए कठोर कानूनों की आवश्यकता पर बल दिया और गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि गो आधारित कृषि, चिकित्सा और शिक्षा ही भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकती है। इस शुभ प्रसंग में लगभग 20 भक्तों ने रु 1200 की दान राशि दान करने घोषणा कर वार्षिक सदस्यता प्राप्त की। रथ यात्रा में मां हरसिद्धि गौशाला सिंघाना समिति के सदस्य व समाजसेवियों, युवाओं और विभिन्न संगठनों ने मिलकर यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन मुकेश मेहता ने किया और आभार प्रदर्शन दिलीप जोशी द्वारा किया गया।

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब साठ गायक कलाकारों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

# स्वरागिनी गायन ग्रुप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर किया गीत गायन का आयोजन




**12 घंटे तक लगातार चले कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाया मनावर / पूरा वातावरण सिंदूरी रंग में रंग चुका था। सुमधुर तराने से संपूर्ण वातावरण देश भक्ति के रस में सराबोर हो गया था। उपस्थित संगीत के सुधी श्रोताओ के दिल में राष्ट्र वंदना की भावना हिलोरे मार रही थी। पंडाल में चहुंओर से भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे गूंज रहे थे । अवसर था सेना के शौर्य और पराक्रम को वंदन करने एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर स्वरागिनी गायन ग्रुप द्वारा आयोजित एक शाम ऑपरेशन सिंदूर के नाम गीत गायन कार्यक्रम का । लगातार 12 घंटे तक चलने वाले उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के ख्यातनाम गायको ने भाग लिया और अपने गीतों के माध्यम से विजय उत्सव मना कर खुशियां साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि और सेना के पराक्रम को जन जन तक पहुंचाना था।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कवि श्री राम शर्मा परिंदा ,माधुरी जैन ,कुसुम पाटीदार, रिंकू जाजमे, ललिता ,वर्मा , योगिता उपाध्याय ,पिंकी गुप्ता बड़वानी, स्मिता अत्रे बड़वानी, स्वरागिनी गायन ग्रुप के संरक्षक विश्वदीप मिश्रा, अध्यक्ष संदीप जाजमे, किशोर बागेश्वर, राजू देवड़ा, मुकेश बागेश्वर ने मां भारती के पूजन के साथ की। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के कैलाश मंडलोई, संतोष बागेश्वर, कालूराम कुड़िया ,पंडित राकेश पुरोहित, लोकेश चौहान, नितेंद्र मंडवाल, प्रीतेश राठौर, यशस्वी जाजमे आदि ने किया। इस अवसर पर राम शर्मा परिंदा ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी रचना प्रस्तुत की। अतिथि परिचय देते हुए संदीप जाजमे ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस नए भारत की शक्ति का प्रतीक बताया। स्वागत भाषण देते हुए विश्वदीप मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सिंदूर केवल सौंदर्य ही नहीं वरन भारत की शक्ति ,देशभक्ति व सेना की वीरता का पर्याय बन चुका है। भारत की नारी अब शक्ति का प्रतीक बन गई है। किशोर बागेश्वर ने पाकिस्तान की भारत पर इस विजय पर सबको बधाई दी। कार्यक्रम में बड़वानी, सेंधवा, राजपुर, धार,जुलवानिया, अंजड़, पलसूद, दवाना, ठीकरी, सुसारी, बोरलाय, कलवानी सहित मध्य प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से आए करीब साठ गायक कलाकारों ने देशभक्ति के गीत और भजनों की 12 घंटे तक लगातार एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर इतिहास रच दिया। सभी गायक कलाकारों को स्वरागिनी गायन ग्रुप की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वदीप मिश्रा, नितेंद्र मंडवाल संदीप जाजमे किशोर बागेश्वर और स्मिता अत्रे ने किया । आभार कैलाश मंडलोई ने माना।




## भागवत कथा में जन्मे श्रीकृष्ण कन्हैया केसरिया-लाल गुलाल और हल्दी लगाकर नाचे श्रद्धालु

अमझेरा- ग्राम मांगोद में प्राचिन फतियापुराधाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सत्संग के चैथे दिवस भगवान की कृष्ण का जन्मोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया जिसके तहत भागवताचार्य पंडित सुभाष शर्मा के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को विस्तारपुर्वक बताया तथा उन्हे जन्म पर महंत गरूड़दासजी महाराज को वासुदेव बनाया गया जिनके द्वारा छोटे से बालक को सिर पर धारण कर ढोल-ढमाके के साथ पांडाल में लाया गया तथा भागवाताचार्य के द्वारा उन्हे दुलार किया गया । नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की के भजन पर उपस्थित महिला-पुरूष सभी श्रद्धालु नाच उठे सभी को गालो पर हल्दी लगाई गई तथा केसरिया और लाल गुलाल उड़ाते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आनंद के साथ मनाया गया । कथा के यजमानो के द्वारा आरती उतारी गई तथा पंजेरी,दही,माखन मिश्री की प्रसादी वितरीत की गई। कथा का समापन 5 जून गंगा दषहरे पर भंडारा प्रसादी के साथ किया जावेगा ।

# पूजा प्रजापति ने नासिक सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया





बाग - बाग की बेटी पूजा राजू प्रजापति ने एक बार फिर बाग का नाम अपने अच्छे प्रदर्शन से रोशन कर महाराष्ट्र के नासिक नेशनल सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया । 18 वा जीएफआई नेशनल ग्रेपलिंग चेम्पियनशिप खेल 30 मई से 31 मई 1 जून तक नासिक महाराष्ट्र में आयोजित हुआ यह प्रतियोगिता यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के तत्वावधान में भारतीय ग्रेपलिंग संघ द्वारा आयोजित कीया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा ताई खड़से द्वारा किया गया जिसमें बाग कि होनहार बेटी पूजा राजू प्रजापति ने इस प्रतियोगिता मे भाग लेकर एक बार फिर बाजी मारते हुए नासिक नेशनल चेम्पियनशिप 2025 के सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया ये छोटे गांव बाग के लिए बड़ी गौरव की बात है कि गरीब परिवार में पली बड़ी हुई पूजा प्रजापत लगातार इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बाग नगर को गोरवान्वित कर रही है । बाग की बेटी की इस सफलता पर नगर को बड़ा गर्व है साथ ही परिवार सहित नगरवासियों ने पूजा को बधाई देते हुए बाग का गौरव बताया पूजा प्रजापत ने बताया की इस नेशनल चेम्पियनशिप में जो सफलता मुझे मीली हे वह मेरे कोच संजय पंवार सर का बड़ा योगदान है साथ मेरे माता पिता जो कभी मेरा होंसला कम नहीं होने देते हरबार मेरा होंसला बढ़ाते हैं । उनके आर्शीवाद से मेरी सफलता की यह सिढीया में चढ़ पाती हूं । पूजा ने यह भी बताया की यहां प्रेक्टिस करने के लिए कोई ग्राउंड नहीं है जिसको लैकर भी मुझे बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है । वह तो मेरे सरो का बड़ा योगदान रहता है तो मुझे फोन पर ही सारी चिजे बताते समझाते ओर होंसला देते हे तो में इस मुकाम तक पहुंच जाती है । सुविधाओं का यहां बड़ा अभाव है अगर एसा कोई ग्राउंड हो जाए जहां में आसानी से अपनी प्रेक्टिस कर सकूं तो ओर भी बहुत कुछ कर सकती हू

## खजुरिया में छाप रहे थे नकली नोट



सोनकच्छ (निशांत तिवारी)। हाइटेक उपकरणों से ग्राम खेड़ा खजुरिया में छाप रहे थे नकली नोट, 5 आरोपियों के पास से 15.41 लाख रुपए की करंसी मिली । प्रेस कांफ्रेंस में देवास एसपी ने किया खुलासा। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुनील पाटिल पिता बाबूराव पाटिल उम्र 38 वर्ष निवासी स्वकनार जिला बुरहानपुर राजकुमार मालवीय पिता सिद्धनाथ उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खेडाखजुरिया सोनकच्छ । सचिन नागर पिता तेज सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम दुधलाई सोनकच्छ शुभग वर्मा पिता दिनेश वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राग आगरोद देवास शक्ति सिंह चावड़ा पिता दिग्विजय सिंह उग्र 19 वर्ष निवासी ग्राम आगरोद देवास।

# साईकिल से नाप दिये चारो धाम एवं 12 ज्योर्तिलिंग की यात्रा साथ में 3 बार कर डाली मॉ नर्मदा की परिक्रमा

यात्रा का उद्देष्य सनातन धर्म के झंडे को पुरे भारत वर्ष में ऊंचा करना है– मांगोद के फतियापुराधाम पहुंचने पर भक्तों ने किया स्वागत

अमझेरा विक्रमसिंह राठौर – इन्दौर निवासी 66 वर्षिय नरेन्द्रकुमार कसेरा जो कि गृहस्थ आश्रम के बाद वानप्रस्थ आश्रम के लिए साईकिल यात्रा के माध्यम से पुरे भारतवर्ष में सनातन धर्म के झंडे को उंचा करने के लिए एवं प्रभु भक्ति का संदेष जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकल पड़े है। वर्ष 2021 से वे लगातार साईकिल यात्रा कर रहे है तथा उन्होने अभी तक चारो धाम ब्रदीनाथ,द्वारिका,जगन्नाथपुरी एवं रामेष्वर की यात्रा के साथ 12 ज्योर्तिलिंगो की हजारो किमी की यात्रा को साईकिल से नाप दिया है



इसके साथ ही 3 बार मॉ नर्मदा की परिक्रमा साईकिल से ही पुरी कर दी और अब वे एक बार फिर से इन्दौर से अंबाजी,द्वारिकाधिष सहीत राजस्थान के रामदेवरा तीर्थ दर्षन के लिए अपनी सुसज्जित साईकिल से निकल पड़े है जिसके हेंडल पर उन्हौने नर्मदेष्वर महादेव एवं मॉ नर्मदा की मुर्ति के साथ ही गमले में बेल्वपत्र एवं तुलसी का पौधा लगा रखा है जिसे वे यात्रा के दौरान कभी सुखने नही देते । उन्हौने बताया कि इन्दौर में उनका भरापुरा परिवार है पत्नि व दो पुत्र है जो कि पीलत के बर्तन बनाने का कार्य करते है तथा उन्हे पूरी तरह से सक्षम करने के पश्चात वे सनातन धर्म की पुरे भारतवर्ष में अलख जगाने एवं समाज के व्याप्त जात-पात व उंच-नीच को समाप्त करने व भक्ति का संदेष देने के लिए साईकिल से निकल पड़े है। इन्दौर से मांगोद पहुंचने पर वे यहॉ के प्राचिन देवस्थल त्रिवेणी संगम स्थल फतियापुरा धाम पहुंचे जहॉ महंत गरूड़दासजी महाराज सहीत अन्य भक्तों ने उनका स्वागत किया। महंत के आग्रह पर वे यहॉ कुछ दिनो के लिए रूके हैं तथा यहॉ से वे अपनी आगामी यात्रा गुजरात के अंबाजी के लिए निकल जाएगें। उन्हौने बताया कि यात्रा के दौरान ऐसे सेवाभावी लोग मिल जाते है जो उनके रूकने व खाने-पीने की व्यवस्था कर देते है तथा भगवान की कृपा से वे कभी बिमार नहीं पड़ते है ना ही उन्हे किसी प्रकार से कोई थकान महसुस होती है। उम्र के इस पड़ाव में जहॉ लोग ठिक तरह से चल फिर नहीं पाते वही 66 वर्षिय नरेन्द्रकुमारजी कसेरा के द्वारा साईकिल से की जा रही हजारो किमी की यात्रा किसी आष्चर्य से कम नहीं है।

# मध्य प्रदेश का नया जेल अधिनियम कटघरे में !

## सुप्रीम कोर्ट ने दिए मप्र के नए जेल अधिनियम में दिए सुधार के आदेश

इंदौर। मोहन सरकार ने नया जेल अधिनियम तैयार किया है, जिसे मप्र सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियम 2024 नाम दिया है। लेकिन जब से यह अधिनियम बना है, इसमें विसंगतियां ही दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब एक बार फिर यह नया जेल अधिनियम सुप्रीम कोर्ट के कटघरे में है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने नए जेल अधिनियम में कुछ जरूरी बदलाव करने को कहा है, जिसके बाद ही प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा।

बता दें कि मप्र सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियम विधानसभा में पिछले साल जुलाई महीने में पारित किया गया था। मोहन सरकार ने इसे गांधी जयंती यानि 2 अक्टूबर 2024 से प्रदेश में लागू करने की तैयारी की थी।

इसको लेकर सरकार ने एक नोटिफिकेशन भी जारी किया था। लेकिन विभाग एक्ट के नियम अंग्रेजी में बनाना भूल गया। इसलिए इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। फिर दूसरी बार सरकार ने इसे 1 जनवरी 2025 से लागू करने की तैयारी की। इसका भी नोटिफिकेशन जारी कराया। लेकिन तब भी जेल विभाग एक्ट के नियम को अंग्रेजी में नही बदल पाया। लेकिन इसी बीच अब सुप्रीम कोर्ट ने इसमें और संशोधन करने की जरूरत बताई है।



### एमपी की जेलों में 43 हजार से अधिक बंदी

बता दें कि मप्र में कुल 133 जेल हैं। इनमें 11 केंद्रीय जेल, 8 ओपन जेल, 42 जिला जेल और 72 उप जेल शामिल हैं। इन जेलों में 36 हजार बंदियों के रखने की व्यवस्था है। लेकिन वर्तमान में यहां 43 हजार से अधिक बंदी रह रहे हैं। इनमें 1900 महिला बंदी भी शामिल हैं। मप्र के जेल महानिदेशक जीपी सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक्ट के नियम अंग्रेजी में तैयार करने को कहा था। जिसे पूरा कर लिया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने जेल अधिनियम में कुछ और महत्वपूर्ण संशोधन सुझाए हैं। इन प्रस्तावित संशोधनों के बाद जल्द ही इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

### ट्रांसजेंडर को लेकर किए गए प्रावधान की तारीफ की

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नया जेल अधिनियम इस प्रकार हो कि कैदियों के मौलिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण हो सके। उनकी कानूनी सहायता और मानव अधिकारों संबंधित अधिकारों पर भी विचार होना चाहिए।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में पारदर्शिता बढ़ाने और जेलों में समिति गठित करने का सुझाव भी दिया है। जिससे बंदियो के साथ होने वाले व्यवहार की स्वतंत्र जांच सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही नए जेल अधिनियम में मप्र सरकार द्वारा ट्रांसजेंडर को लेकर किए गए प्रावधानों की तारीफ करते हुए कहा कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह भेदभाव रहित और उनके अधिकारों के अनुकूल हो।

### महिला बंदियों के लिए कई व्यवस्थाएं

नए जेल अधिनियम के क्रिन्यान्वयन होने से जेलों में बंदियों को दी जाने वाली 130 साल पुरानी व्यवस्था में बदलाव होगा। पहली बार ऐसा हो रहा है जब कैदियों को दिए जाने वाले मेन्यू में सलाद को शामिल किया गया है, तो वहीं अब जेल में बंदियों को मिलनी वाली चाय के लिए दूध और चाय पत्ती की मात्रा में भी इजाफा किया गया है। इसके साथ महिलाओं को जेल में शैम्पू और हेयर रिमूवर क्रीम की सुविधा भी मिलेगी।

### साल 1894 में बना था पुराना जेल अधिनियम

बता दें कि अभी मप्र में जिस जेल अधिनियम का क्रियान्वयन किया जा रहा है, उसे 130 साल पहले अंग्रेजों ने बनाया था। इसका नाम प्रिजन एक्ट 1894 था। जिसमें संशोधन करते हुए जेल विभाग का नाम बदलकर बंदीगृह एवं सुधारात्मक विभाग और जेल मुख्यालय का नाम सुधारात्मक एवं बंदीगृह संचालनालय किया गया है। इसमें जेल का नाम बंदीगृह एवं सुधारात्मक संस्था करने, जेल अधिकारी का नाम सुकरात्मक सेवा अधिकारी करने का प्रावधान किया गया है। अधिनियम में जेलों में बंद खूंखार अपराधियों, गैंगस्टर पर कड़े नियंत्रण का प्रावधान किया गया है।

### बंदियों के पुर्नवास और मेंटल हेल्थ का ध्यान

नए जेल अधिनियम के तहत कैदियों के पुनर्वास और समाज में उनके घुलने-मिलने के लिए खास प्रयास किए जाएंगे। कैदियों के बचाव और सुरक्षा से जुड़े उपाए किए जाएंगे। जेल में कैदियों के रहने के लिए बैरक, ओपन स्पेस, रसोई के अलावा अन्य तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।अलग-अलग आपराधिक प्रवृत्ति के कैदियों को अलग-अलग रखने की व्यवस्था की जाएगी। कैदियों को कैटेगरी में बांटा जाएगा। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए एक्ट में कुल 18 अध्याय रखे गए हैं। इसके अलावा हिंदी में तैयार किए गए मैनुअल में 981 प्रावधान किए गए हैं।

# ब्लेक स्पाट पर होंगे तकनीकी सुधार, मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था के कार्य

**शहर के अनेक चौराहों के होंगे लेफ्ट टर्न चौड़े वाहनों से सामग्री बेचने वाले व्यक्तियों के वाहनों के होंगे पंजीयन निरस्त**

इंदौर। इंदौर शहर के यातायात सुधार के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसके लिये जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। इस मुहिम के तहत सड़कों और फुटपाथ पर सामग्री रखी होने पर उन्हें जप्त की जायेगी। यातायात बाधित करने वाले ठेलों और अन्य वाहनों जप्त किया जायेगा। वाहनों से सामग्री बेचने वाहनों की पंजीयन निरस्त किये जायेंगे। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये इंदौर शहर के चिन्हित ब्लेक स्पाट पर तकनीकी सुधार, मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था के कार्य किये जायेंगे। शहर के अनेक चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े किये जायेंगे। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव, ट्रॉफिक डीसीपी श्री अरविंद तिवारी, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य तथा श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि शहर में यातायात सुधार के लिये लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में चल रहे अभियान को कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने और अधिक गति देने और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये हर संभव प्रयास करते रहे। उ न्होंने शहर में दुर्घटनाओं को रोकने के लिये चिन्हित ब्लेक स्पाट को समाप्त करने के लिये आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह कार्य तत्कालीक और दीर्घकालीक हों। बताया गया कि शहर के तीन इमली चौराहा, रालामण्डल चौराहा, तेजाजी नगर चौराहा, केलोद करताल फाटा, बायपास रोड, विशेष जूपिटर हॉस्पिटल के सामने तीन इमली रोड, प्रभु तोल-कांटा नेमावर रोड, डेकाथलॉन के सामने, बाईपास ओमेक्स सिटी के सामने, बेस्ट प्राइस के सामने, टाटा शोरूम के सामने, बिचोली अंडरपास आईटी पार्क चौराहा, लवकुश चौराहा, गांधी नगर रिंजलाय फाटा, देवास नाका चौराहा आदि को ब्लेक स्पाट के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां सुधार के कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश? कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने दिये। उन्होंने बताया कि यात्री बसों के फिटनेस की चेकिंग का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। यह अभियान ट्रैफिक एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित होगा। बताया गया कि शहर के प्रमुख पिपलियाहाना चौराहा के एमपीईबी वाले लेफ्ट टर्न को शीघ्र चौड़ा किया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया कर ली गई है और कार्य जल्दी शुरू होगा। बैठक में बताया गया कि इंडस्ट्रीज हाउस तिराहा, गीता भवन चौराहा, जीपीओ चौराहा, छावनी चौराहा के लेफ्ट टर्न भी चौड़े किये जायेंगे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि सभी सड़क, पुल संबंधी निर्माण एजेंसिया यह सुनिश्चित करें कि निर्माण के दौरान वाहन चालकों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। डायवर्सन पर संकेतक लगाये। डायवर्सन की स्थिति अच्छी रहे। वह खराब होते ही उसकी तुरंत मरम्मत कराये। फोटो संलग्न

# मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप



इंदौर। एक सभ्य समाज में मृत्युभोज जैसी कुप्रथा समाज पर कलंक है इस कलंक को जल्दी से जल्दी धो डालना चाहिए । डॉ. बी. आर. आम्बेडकर विश्व वि विश्वद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. सी. डी. नाईक ने स्व. श्री राजाराम करोले जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मृत्युभोज अभिशाप विषय पर श्री माध्यभारत हिंदी साहित्य समिति मे आयोजित कार्यक्रम मे कही उन्होंने कहा एक दुखी परिवार मे पकवान खाना अशोभनीय है। इसके लिए चाहे मृतक परिवार को कर्ज क्यों न लेना पड़े जिससे उसे आर्थिक रूप कमजोर कर देती है।इस अवसर पर कबीर जानविकास समूह के संस्थापक लेखक डॉ. सुरेश पटेल ने कबीर जनविकास समूह द्वारा शुरू किये गए मृत्युभोज निषेध अभियान की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा कहा कि मृत्युभोज का जिक्र न तो शास्त्रों मे है न धर्म मे और न ही क़ानून की दृष्टि से उचित है। उन्होंने मृत्यु भोज निषेध अधिनियम 1960 की धारा (3,4,5) मे वर्णित प्रावधानों को विस्तार से सभागार मे उपस्थित श्रोताओं के समक्ष रखते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने इसे लागू भी कर दिया है। संस्था द्वारा इस अभियान के तहत मृत्यु भोज निषेध के लिए एक घोषणा पत्र भी साझा किया । कार्यक्रम उन लोगो सम्मानित भी किया गया जिन्होंने मृत्युभोज का वहिष्कार किया है। इस अवसर पर कबीर भजन गायक विक्रम सिंह बोरदिया ने भजनो की प्रस्तुति दी कार्यक्रम मे स्व. राजाराम जी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई करोले,छोटे भाई मोहनलाल करोले,पुत्र लोकेश करोले, मुकेश करोले, राजेंद्र करोले, विजेंद्र करोले, चारो पुत्रवधु, बंशीलाल बामने, महेश कोगे,सुन्दलाल मांडले, मोहनलाल साँवले, अशोक अटले, पी. डी. खेरदे, प्यारेलाल करोले,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार छोटेलाल भारती ने माना।

# फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट को मिलेगी मंजूरी

## 9 मीटर से ऊंची बिल्डिंगों में फायर एनओसी होगी अनिवार्य

इंदौर। पचमढ़ी में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एक्ट को लागू करने की मंजूरी मिल सकती है। हालांकि इसका बिल विधानसभा में रख मंजूर करवाना पड़ेगा। बीते 6 सालों से यह एक्ट तैयार किया जा रहा है और पिछले दिनों नगरीय प्रशासन और विकास मंत्रालय ने इसे अंतिम रूप देकर कैबिनेट को सौंपा है।

अब 9 मीटर से ऊंची बिल्डिंगों में भी फायर एनओसी अनिवार्य रहेगी, तो राजनीतिक-सामाजिक सहित शादियों के पांडाल की भी अनुमति लेना पड़ेगी और आवश्यक आगजनी से निपटने के बंदोबस्त करना होंगे। फायर स्टेशनों की सीमाएं भी अब पुलिस थानों की तरह तय की जाएंगी, ताकि जिस क्षेत्र में आगजनी की घटना होती है उससे जुड़े फायर स्टेशन को जवाबदेय बनाया जा सके।

बीते कुछ वर्षों में इंदौर सहित प्रदेशभर में आगजनी की बड़ी घटनाएं हो चुकी है। सबसे भीषण घटना तो पटाखा फैक्ट्री में हुई, जिसमें अनेकों मौत भी हो गई, तो कुछ अस्पतालों में भी आग लगी और नवजात बच्चों के साथ-साथ अन्य मरीज भी इसकी चपेट में आए।

वहीं दूसरी तरफ केन्द्र सरकार ने भी 6 साल पहले सभी राज्यों को फायर सेफ्टी एक्ट की सिफारिशों के साथ ड्राफ्ट भी भेजा। मगर मध्यप्रदेश में ही इसे अमल में नहीं लाया जा सका। कुछ समय पूर्व नगरीय विकास और आवास मंत्रालय ने ड्राफ्ट को अंतिम रूप दिया और उसे अब कैबिनेट में रख मंजूर किया जाएगा।

### अब फायर टैक्स भी वसूला जाएगा

5 हजार स्क्वेयर फीट और उससे अधिक की शैक्षणिक, व्यवसायिक, औद्योगिक, स्वास्थ्य सहित अन्य गतिविधियों के लिए एनओसी लेना होगी और अब फायर टैक्स भी वसूल किया जा सकेगा। जिस तरह नगर निगम सम्पत्ति कर लेता है उसी तरह अग्निशमन शुल्क भी वसूल करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि फायर ब्रिगेड की सेवाएं नगरीय निकायों को सौंप दी गई है। वहीं अब 9 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली बिल्डिंगों की एनओसी लेना होगी। पहले यह 15 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली बिल्डिंगों के लिए जरूरी था। इसके अलावा हर बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम, ऑटोमैटिक स्प्रिंगल सिस्टम, फायर अलार्म और सेफ्टी सहित उपकरण भी लगाना होंगे और उसके बिना यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा, जो सालभर के लिए ही जारी होगा और उसे फिर से निरीक्षण के बाद पुनः मंजूर किया जाएगा। बड़े कारखानों, हाईराइज बिल्डिंगों और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी ऑफिसरों की नियुक्ति भी करना पड़ेगी।

सभी तरह के प्रमुख आयोजनों जिनमें भोजन-भंडारे, कथा, सभा से लेकर अन्य के लिए भी अनुमति लेना होगी अन्यथा 10 हजार का जुर्माना और तीन माह की सजा के प्रावधान भी रहेंगे। पचमढ़ी में होने वाली कैबिनेट बैठक में फायर एक्ट को मंजूरी मिल सकती है और उसके बाद विधानसभा के जरिए बिल पास कराया जाएगा।

# राजस्थान के कंजरों का मप्र के 300 गांवों में खौफ

**बदमाशों का नेटवर्क इतना मजबूत की पुलिस आने से पहले हो जाते हैं गायब**

इंदौर। रतलाम जिले के गांवों में राजस्थान के कंजरों का आतंक है। गरोठ सहित शामगढ़-भानपुरा और आसपास के क्षेत्रों में कंजर लगातार वारदात कर रहे हैं। 15 दिन में अकेले गरोठ क्षेत्र में ही 7 से ज्यादा चोरी सामने आई है। इन्होंने मकानों, दुकानों व बैंकों से लेकर पोस्ट ऑफिस तक को निशाना बनाया। इससे क्षेत्र के लोगों में डर बढ़ा है।

राजस्थान के झालावाड़ जिले के साथ कोटा, चित्तौडगढ़, रामगंजमंडी और मप्र के रतलाम जिले में चंबल किनारे कंजरों के 21 डेरे हैं। इनमें रह रहे 2048 कंजरों में से अधिकतर आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इनसे सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा और सीतामऊ थाना क्षेत्र के 295 गांवों में खौफ हैं। मंदसौर पुलिस ने कई बार राजस्थान पुलिस के साथ बैठक कर कंजरों की समस्या से निपटने के लिए चर्चा की। हर बार रणनीति बनाने के दावे किए, लेकिन हुआ कुछ नहीं। रतलाम पुलिस का कहना है कि राजस्थान के सहयोग से अपराधियों तक पहुंचेंगे।

### उप मुख्यमंत्री की बहन का घर भी बनाया निशाना

कंजर गिरोह ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की बहन के घर से 5 लाख से अधिक की ज्वैलरी चुराई। इससे पहले कांग्रेस नेता चित्रेश गोयल के गांव बरखेड़ा गंगासा में 3 लाख रुपए की चोरी हुई थी, जो आज तक ट्रेस नहीं हो पाई है। 2021, 2022 व 2023 में बैंकों के अंदर जाकर लूट व चोरी करने की घटनाओं में भी पुलिस अब तक खाली हाथ है।

# सपा नेता रघु ठाकुर आज इन्दौर आएंगे

इन्दौर। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के संरक्षक रघु ठाकुर मंगलवार 3 जून को इन्दौर आएंगे।



वे यहां शाम 5 बजे गांधी हॉल स्थित अभिनव कला समाज भवन पर आपातकाल की यादें एवं वर्तमान स्थिति विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे।

इस परिसंवाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मीसाबंदी सत्यनारायण जटिया विशेष अतिथि होंगे। अध्यक्षता समाजवादी विचारक रामबाबू अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम सबके लिए खुला है। समाजवादी समागम के रामस्वरूप मंत्री, अश्फ़ाक हुसैन, एडवोकेट राजेंद्र यादव ने शहर के सभी मीसाबंधुओं, समाजवादियों एवं लोकतंत्र सेनानियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# देवी अहिल्या के श्रेष्ठ संस्कारों का लाभ इंदौर को भी मिल रहा

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लक्ष्मण नवाथे (बाबा साहब) ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या एक आदर्श बहू, आदर्श सास एवं बहादुर शासक थी। भगवान शिव की परम भक्त, धर्मनिष्ठ और न्यायप्रियता जैसे गुणों के कारण ही आज पूरे विश्व में उनकी वंदना हो रही है। निश्चित ही हम सब इंदौर के नागरिकों को विरासत में देवी अहिल्या के श्रेष्ठ संस्कार भी मिले हैं, यही कारण है कि आज देश-दुनिया में इंदौर का आभामंडल गूंज रहा है।

बाबा साहब नवाथे गौ सेवा भारती एवं चैतन्य भारत द्वारा विठ्ठल रुक्मिणी गार्डन पर देवी अहिल्या के 300वीं जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित परिसंवाद में बोल रहे थे।



विहिप के ओजस्वी वक्ता हुकमचंद सावला ने भी देवी अहिल्या की अनेक खूबियां बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अंधविश्वास एवं कुरीतियों से उबारने, देश में मंदिरों, घाटों एवं धर्मशालाओं का निर्माण कराने सहित अनेक ऐसे कार्य किए हैं, जो अहिल्याबाई को महान, पूजनीय एवं आदर्श बनाते हैं। उनके शासनकाल में राज्य 18 हिस्सों में, 18 प्रांतों में विभक्त रहा और तब केवल सवा करोड रुपए राजस्व प्राप्त होता था।

प्रारंभ में सीताराम व्यास, कैलाशचंद्र खंडेलवाल, दिलीप जैन, राजन दुबे ने देवी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत गौ सेवा भारती के अध्यक्ष सुरेश पिंगले, चैतन्य भारत के अध्यक्ष नरेश वसाईनी, राजेंद्र असावा, स्वदेश राजोरिया, नितेश जाधव आदि ने किया।

अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के महापर्व के इस मौके पर उनके चित्र के सम्मुख देशी गाय के शुद्ध घी के 300 दीपक रोशन किए गए। संचालन कांतिभाई पटेल ने किया और आभार माना सुरेश पिंगले ने। कार्यक्रम में हजारों गो भक्त, राष्ट्रभक्त एवं प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

# दिग्विजयसिंह के तीखे तेवर से पुलिस पड़ी ठंडी

इंदौर (नगर संवाददाता)। धोखाधड़ी के मामले में कांग्रेस के आंदोलन और दिग्विजयसिंह के तीखे तेवर के बाद पुलिस का रवैया अब ढीला पड़ता दिख रहा है। जिस तरीके से दिग्विजयसिंह ने नाराजगी जाहिर की थी, उससे अधिकारियों के होंश उड़ रहे हैं और वो इस केस को लेकर गलियारे ढूंढ रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि तेजाजीनगर पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सदाशिव यादव के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी और भरत पटवारी को भी मुलजिम बनाया था। पुलिस ने उनकी तलाश में छापे भी मारे थे। इस घटना के बाद कांग्रेसियों में भय का माहौल बन गया था, क्योंकि इसके पहले नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के खिलाफ भी जानलेवा हमले का केस दर्ज हो गया था और उन्हें जेल जाना पड़ा था। ऐसी स्थिति में बड़े नेताओं को लेकर सारी कहानियां सामने आ रही थीं। लग रहा था कि पुलिस कहीं न कहीं दबाव में है, इसलिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह को मैदान में आना पड़ा। उन्होंने कमिश्नर दफ्तर पर कांग्रेसियों के साथ प्रदर्शन किया था और अधिकारियों को कहा था कि जिन लोगों का रोल नहीं है, उनके खिलाफ मामला क्यों दर्ज कर लिया गया। ऐसी स्थिति में पूरी कहानी बदल गई और अफसर भी ठंडे पड़ते दिख रहे थे। उन्हें स्पष्ट कह दिया गया था कि अगर इस मामले में गड़बड़ की तो अधिकारियों को परिणाम भी भुगतना पड़ सकते हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस की कार्रवाई भी अब ठंडी पड़ती दिख रही है। जिस तरीके से मामला बदल रहा है उससे पूरी कार्रवाई भी ढीली पड़ती दिख रही है। शुरुआत में तो पुलिस ने नाना पटवारी और भरत पटवारी के खिलाफ घेराबंदी भी की थी, लेकिन बाद में इस मामले की जांच का मुद्दा उठते ही पुलिस भी पीछे हटने लगी है। सबूत भी जुटाए जा रहे हैं, ताकि जो आरोप लगे हैं, वो गलत साबित हो जाएं। जो कहानी बताई जा रही है वो सबूतों के आधार पर है और उसी के जरिए पकड़ने की बात कही जा रही है।

# अतिरिक्त सचिव श्री जैन ने सौर ऊर्जा संबंधी मिटिंग ली




इंदौर। केंद्रीय नवीन और नवकरणीय ऊर्जामंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री सुदीप जैन ने सोमवार को इंदौर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना इत्यादि विषय को लेकर उच्च स्तरीय मिटिंग ली। इंदौर स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुई मिटिंग में मप्रपक्षेविविकं इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, अधीक्षण अभियंता श्री चिंतामणि अनिल ठकार समेत स्मार्ट सिटी के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। श्री जैन ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रकरण और तेजी से हल करने, वेंडरों की संख्या में बढ़ाने को कहा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह और अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## थाना अमझेरा पुलिस को बांदरिया कुआ से अवैध जुआ पकडने मे मिली बडी सफलता

धार - पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धार मनोजकुमार सिंह एंव वरिष्ठ अधिकारीयो द्वारा अवैध जुआ - सट्टा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशन के तारतम्य मे रविवार को वारण्टियो कि तलाश मे थाना अमझेरा पुलिस की टीम घूम रही थी जो मुखबीर से सूचना मिली कि बांदरिया कुआं मे जुआ चल रहा है । पुलिस की टीम सूचना पर तत्काल उक्त स्थान पर पहुँची व देखा तो घेरा बनाकर मोबाइल टार्च की रोशनी में ताश पत्ते पर हार जीत का दांव लगाकर रूपये लगाकर जुआ खेल रहे थे । जिनको पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर 06 व्यक्तियो उमेश पिता भारत कामलिया उम्र 27 साल निवासी ग्रिड के सामने, मनावर रोड अमझेरा, भूपेन्द्र पिता किशोर राठौर उम्र 32 साल निवासी मण्डी रोड, नागदा थाना कानवन जिला धार,प्रतीक पिता अजय मकवाना उम्र 25 साल निवासी 21 विवेकानंद मार्ग, थाना नौगांव जिला धार,अर्पित पिता मोहान राठौर उम्र 30 साल निवासी भोई मोहल्ला, अमझेरा जिला धार,जीवन पिता डूंगर सिंह कटारा उम्र 21 साल निवासी राती तलाई, अमझेरा,डूंगर सिंह पिता धुलजी कटारा उम्र 45 साल निवासी राती तलाई, अमझेरा को पकड लिया व राम पिता बाबूलाल केवट निवासी मनावर चैराहा अमझेरा,यतीश पिता जीवन जैन निवासी मनावर चैराहा अमझेरा, कुतबी बोहरा निवासी बोहरा बाखल अमझेरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये है । गिरफ्तार आरोपीयो से 36880 रुपये , 05 मोबाईल व ताश के पत्ते जप्त किये गये है । व उक्त के विरुद्ध थाना अमझेरा पर अपराध दर्ज किया गया है । उक्त कार्यवाही एसडीओपी सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के निर्देशन मे थाना प्रभारी .रविन्द्र कुमार बारिया के नेतृत्व में उनकी टीम उनि.तोसिफ अली, कार्य.उनि.प्रमोद चैहान , भूरसिंह बघेल, कैलाश कटारा , अरुण परमार , राहुल चैहान कि अवैध जुआ पकडने मे सराहनीय भूमिका रही है ।

## महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष का स्वागत किया



धार- मांडव में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निदेश पर जिला समन्वय बैठक का आयोजन किया गया द्व इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रीति माहेश्वरी (टांडा) जिला अध्यक्ष बनने पर पुष्प हारों से स्वागत कर बधाई दी गयी। इस अवसर पर जिला कांगेस कमेटी के जिला प्रभारी रघु परमार , जिला अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार ,मनावर विधायक हिरालाल अलावा, वरिष्ठ नेता मुजीब कुरेशी,पांचीलाल मेंड़ा, अशोक मांझी प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि , राधेश्याम मुवेल , रोहित कामदार, पियुष ग्वाल,हरदेव सिंह जाट, सुहेल निसार, लक्ष्मी जाट, टोनी छाबड़ा, करीम कुरेशी, कैलाश झाकड़ माण्डल कांग्रेस बैठक के अवसर पर भव्य स्वागत एंव बधाईयाँ दी।

## जय सरदार सेना में जिलाध्यक्ष दिनेश पटेल, महामंत्री बंशीलाल पाटीदार मनोनित





बदनावर(। इंदौर समाचार) जय सरदार सेना प्रदेश अध्यक्ष रतनलाल पाटीदार द्वारा संगठन में नियुक्तियां कर युवा कार्यकर्ताओं को आगे लाने का प्रयास जारी है। धार जिला शहरी अध्यक्ष पद पर दसाई के दिनेश पटेल की नियुक्ति की गई। तथा धार जिला शहरी महामंत्री जाबडा के बंशीलाल पाटीदार को मनोनित किया गया। इनके मनोनयन पर ईश्वरलाल पाटीदार नेताजी, पूर्व सरपंच राधेश्याम पाटीदार, अमृतलाल पाटीदार, मधुसुदन पाटीदार, कन्हैयालाल पाटीदार, राधेश्याम पाटीदार, गोपाल पाटीदार, प्रभुलाल पाटीदार, जगदीश पाटीदार, राजाराम पाटीदार, दिनेश पाटीदार, सुंदरलाल पाटीदार, हरीओम पाटीदार, अमृतलाल पाटीदार, दशरथ पाटीदार, श्रवण पाटीदार, पवन पाटीदार, गगन पाटीदार, हेमंत पाटीदार राहुल पाटीदार, महेश पाटीदार, रामप्रसाद पाटीदार, नारायण पाटीदार सहीत कई मित्रों ने बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष का आभार माना। जानकारी मीडिया सेल प्रवक्ता महेश पाटीदार ने दी।

## 40 लाख की निर्माणाधीन पानी की टँकी का नगर परिषद सभापति संजय सिर्वी ने किया अवलोकन



ईफराज कुरैशी, कुक्षी-- कुक्षी नगर में पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए नगर के बायपास स्थित श्री गजानंद विहार कालोनी के समीप अमृत-2 योजना अंतर्गत (अनु. लागत 40 लाख) की नवनिर्माणाधिन पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का न.प.कुक्षी के निर्माण समिति सभापति पार्षद श्री संजय सिर्वी व वार्ड पार्षद श्री लक्ष्मण बघेल ने अवलोकन किया एवं उपस्थित आसपास के किसानों से सवांद किया। इस अवसर पर किसान श्री नंदलाल जमादारी एवं श्री मुकेश जमादारी,श्री विजय जिराती,श्री योगेश गंगाजलिया,निर्माण ठेकेदार एवं कंपनी इंजीनियर उपस्थित रहे।।

# बदनावर में धूमधाम से निकली महाराणा प्रताप की शौर्य यात्रा, नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिया समरसता का सन्देश





**वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती पर रविवार शाम को बदनावर शहर में युवा राजपूत संगठन ने धूमधाम से शौर्य यात्रा निकाली। जिसमें समाजजन अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सेकड़ो की संख्या में शामिल हुए। समाजजनों का एकत्रिकरण माथुर कालोनी स्थित राजपूत धर्मशाला में हुआ। यंहा से पारम्परिक वेशभूषा धारण एवं केसरिया साफा बांधकर शौर्य यात्रा शुरू हुई। नगर भ्रमण प्रारम्भ के पूर्व समस्त अतिथि व गणमान्यजन बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर पहुंचे। यंहा पूजा अर्चना व वंदन कर शौर्य यात्रा नगर भ्रमण के लिए प्रारंभ की।**

यात्रा में भगोरिया नृत्य दल एवं ऊंट का नृत्य नगरवासियो के आकर्षण का केंद्र रहे। बग्गी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा विराजित थी जिसका रास्ते में चल समारोह के दौरान माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर भ्रमण पर निकली शौर्य यात्रा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ठीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, विहिप प्रांत प्रमुख आशुतोष सिंह शेखावत,बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, पूर्व राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल, समाजसेवी शरद सिंह सिसोदिया, डॉ प्रहलाद सिंह सोलंकी,करणी सेना ब्रांड एंबेसडर आराधना सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह शक्तावत, जीपी सिंह, घनश्याम सिंह डोडिया, युवा राजपूत संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर, ओजस्वी कवि दर्शन लोहार, मौसम विश्लेषक सुमेर सिंह सिसोदिया डिजिटल दरबार।आदि अतिथि शामिल थे।

**शौर्य यात्रा का भ्रमण के दौरान विभिन्न संस्थाओ ने किया स्वागत -** यात्रा के बस स्टेण्ड पहुँचने पर नगर कांग्रेस के मंच से विधायक भंवर सिंह शेखावत, टल्ला मोदी, मुकेश होती आदि ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आनंदेश्वर महादेव मंदिर समिति, नगर पंचायत के मंच से शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, पार्षदगण, मुस्लिम समाज की और से जँहागीर लाला मित्र मंडल, सभा मंच पर पंवार परिवार सहित रास्ते में अनेक स्थानों पर पुष्पमाला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर शौर्य यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। यात्रा में शामिल अतिथियों ने रास्ते में आई महापुरुषों की प्रतिमाओ मुर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर, लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**मुख्य समारोह संजोग गार्डन में सम्पन्न हुआ-**मंचिय आयोजन के मुख अतिथि अभा क्षत्रिय महासभा के राष्ठीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार ने कहा की 40 50 वर्ष पूर्व महाराणा प्रताप की जयंती घर पर कुछ लोग माल्यार्पण किया करते थे इस तरह उत्सव व त्यौहार का रूप नहीं होता था आज देश एवं विश्व में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जा रही है। अध्यक्षता कर रहे विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख व क्षत्रिय महासभा के आशुतोषसिंह शेखावत ने कहा की पन्नाधाय का त्याग अति प्रिय उनके पुत्र चंदन का बलिदान कर दिया यदि बलिदान नहीं होता तो उदय सिंह के प्राण नहीं बचते और उदय से नहीं होते तो महाराणा प्रताप भी नहीं होते प्रताप का संघर्ष मामूली संघर्ष नहीं है। विशिष्ट अतिथि मौसम विश्लेषक सुमेर सिंह सिंह सिसोदिया डिजिटल दरबार ने महाराणा प्रताप के सूर्य स्वाभिमान एवं राष्ट प्रेम का वर्णन कर वर्तमान में प्रकृति के असंतुलित होने से अ समय बारिश होने एवं किसानो की उत्पन्न होती समस्या के निदान के बारे में बताया व पौधरोपण की बात कही। ओजस्वी कवि दर्शन लोहार ने महाराणा प्रताप की वीरता सुरता एवं राष्ट की अखंडता के लिए अपने बलिदान की ओजस्वी कविता सुनाकर सभा में जोश भर दिया। मंच पर करणी सेना की ब्रांड एंबेसडर आराधनासिंह सोलंकी, शरदसिंह सिसोदिया,, कोकसिंह पंवार, पूर्व अध्यक्ष जीपी सिंह, महेंद्रसिंह चाचूबना, महेंद्रसिंह शक्तावत, मनोहर सिंह पटेल,ईश्वर सिंह सनावदा, अर्जुन सिंह पटेल, बाबू सिंह राठौर कनवासा, घनश्याम सिंह अनारद, ईश्वर सिंह धमाना सरपंच, शम्भू सिंह चावड़ा, लाखन सिंह डोडिया, लाखन सिंह नवासा, हकम सिंह कुशावदा समेत कई वरिष्ठ जन अतिथि थे। स्वागत भाषण युवा राजपूत संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौर कनवासा ने दिया। महिपालसिंह चावड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों ने समाज के लिए विभिन्न गांवों में सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान किया। संचालन गोवर्धनसिंह डोड़िया खिलेड़ी ने किया। हिम्मतसिंह पंवार ने आभार माना। जानकारी डॉ गोपालसिंह ठाकुर ने दी।

## चरित्र ग्रहण कर धर्म करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़े



**हमें यह सोचना है कि यह मनुष्य जन्म हमें मिला है यह किस लिए है ,या तो हम भौतिक सुख में उलझ कर इसे व्यर्थ गंवा दे या चरित्र ग्रहण कर धर्म करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़े ,भाई गौरव जाट एवं बहन अदिति वोहरा ने भौतिक सुख वाला मार्ग छोड़कर प्रभु का मार्ग संयम का मार्ग चुना है भाई गौरव तो जन्म से जैन नहीं है लेकिन इनका पुण्य इतना उच्च था कि आज वह आप सभी को पीछे छोड़ते हुए संयम पथ पर आगे बढ़ गए हैं ।**

उक्त प्रवचन गच्छाधिपति आचार्य श्री जयानंद सुरिश्वर जी महाराज साहब ने मुमुक्ष गौरव जाट एवं अदिति वोहरा के श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्री संघ की ओर से आयोजित बहुमान समारोह में व्यक्त किये, आपने हितोपदेश देते हुए कहा कि आज आप लोग सांसारिक परिग्रह को छोड़कर साधु बनने जा रहे हैं लेकिन साधु पने में भी भक्तों का परगिराह नहीं करना चाहिए कि मेरे इतने भक्त हो गए या मुझे सुनने इतने लोग आ रहे हैं क्योंकि दोनों परिग्रह एक समान है मैं चाहता हूं कि आप प्रमाद, प्रशंसा से दूर रहकर उच्च कोटि का चरित्र पालन करते हुए अपने साधु जीवन को सफल बनाकर मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़े आचार्य श्री जिन सुंदर सुरेश्वर जी एवं आचार्य श्री दिव्यानंद सुरिश्वर जी महाराज साहब ने अपने प्रवचन में कहा कि पूर्व के कई जन्मों के पुण्य का संचय होता है तब चरित्र ग्रहण करने का भाव पैदा होता है ।यहां कई सोचते हैं कि जब घर में रहकर ही धर्म कर सकते हैं तो दीक्षा लेना क्यों जरूरी है यह सही है कि हम ग्रहस्त भी धर्म कर सकते हैं लेकिन गृहस्थ में रहते हुए आराधना कम एवं वीराधना ज्यादा होती है ग्रहस्त तो प्रातः उठने के साथ ही 6 काय की विराध।ना प्रारंभ हो जाती है लेकिन साधू इन सभी से दूर रहकर मात्र आराधना ही करते हैं साथ चरित्र ग्रहण करने वाले को हमें कभी भी रोकना नहीं चाहिए यह घोर पाप का कारण है एवं कई भवों तक हमें धर्म से दूर रखने का कारण बना सकता है जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजा श्री संघ की ओर से राजमल सूर्या महेंद्र सुंदेचा, राजेंद्र सराफ, अनोखी लाल सिसोदिया महेंद्र चोपड़ा मुकेश कोठारी दीपक रूनवाल आदि ने मुमुक्ष को शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र बैठकर बहुमान किया अभिनंदन पत्र का वचन पारस भटेवर ने किया इस अवसर पर साध्वी श्री अम्रत रसा श्री जी आदि भी उपस्थित थे





## केंद्रीय राज्यमंत्री दीदी ठाकुर आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित 'रेडी टू ईट' वितरण कार्यक्रम में हुई शामिल

धरमपूरी सैयद रिजवान अली केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार दीदी सावित्री ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में जिले की धरमपुरी परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र गुलझरा धामनोद के आंगनबाड़ी केंद्र में ÷रेडी टू ईट का वितरण कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त कर हितग्राहियों के अभिभावकों के लिए रेडी टू ईट का वितरण किया। रेडी टू ईट फूड में आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसी के साथ ही श्रीमती ठाकुर द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया एवं अभिभावकों के साथ में आए हुए बच्चों के लिए उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## नागदा सर्व महिला मण्डल द्वारा नपा अध्यक्ष को आधार कार्ड अपडेट करने हेतु विशेष शिविर लगाने हेतु दिया पत्र

नागदा जं. निप्र। नगर में आधार कार्ड अपडेट सेन्टर का अभाव होने से लोगो को आधार कार्ड में अपडेट कार्य के लिये भटकना पड़ रहा है तथा आवश्यक कार्यो में आधार दस्तावेज के रूप में उपयोग होने से आधार अपडेट नहीं होने पर लोगो को परेशानी का सामना करना पड रहा है, जिसको लेकर नागदा सर्वमहिला मण्डल द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष महोदया को ज्ञापन देकर लोगो की परेशानी बताई एवं विशेष आधार अपडेट शिविर लगाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौपते वक्त नपा अध्यक्षा श्रीमती संतोष ओ पी गेहलोत एवं नपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया कि 15 दिवस में स्कूल प्रारम्भ होने वाले जिसमें छात्र/छात्राओं को समग्र आई.डी. और आधार कार्ड लिंक कराना अनिवार्य है। समग्र का कार्य सिर्फ नगर पालिका में होता है जिसमें आधार कार्ड की आवश्यकता है। वर्तमान में आधार सेन्टर की कमी होने एवं फिलहाल जो आधार सेन्टर चल रहे है वहां भी 100-150 लोगो की भीड हमेशा रहती है तथा टोकन व्यवस्था होने से लोगो को सुबह जल्दी आकर लाईन में लगना पड रहा है। नागदा सर्वमहिला मण्डल अध्यक्ष सुनीता गुड्डी गुर्जर ने बताया कि मैंने स्वयं लोक सेवा केन्द्र जाकर आधार कार्ड का कार्य देखा तो वहां भारी असुविधा पायी गई तथा लोगो को वहां परेशान होते हुए देखा। कई लोगो ने बताया कि वे सुबह से ही यहां आये है दिन भर हो गया है परन्तु आधार कार्ड का कार्य नहीं हुआ है।

# एमएसएमई विभाग ने प्रदेश के 108 युवा उद्यमियों के सपनों पर फेरा पानी

नागदा जं., निप्र। **एक ओर जहां केंद्र एवं राज्य सरकारें आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत युवाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने हेतु प्रेरित कर रही हैं, वहीं मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते प्रदेश के 108 युवा उद्यमी अपने स्वयं के उद्योग लगाने से वंचित रह गए हैं। जबकि ऐसे आवेदक जो आवेदन निरस्त होने से बिडिंग (बोली) लगाने से वंचित रह गए हैं उनसे विभाग को भी राजस्व की हानि होगी, क्योंकि जितनी अधिक बोली आऐगी उतना अधिक विभाग को राजस्व प्राप्त होगा।**

मई 2025 में विभाग द्वारा प्रदेशभर के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित 673 भूखंडों (प्लॉटों) के आवंटन हेतु ऑनलाईन आवेदन एमपीएमएसएमई वेब पोर्टल के माध्यम आमंत्रित किए गए थे। इस प्रक्रिया में पूरे प्रदेश से 1553 आवेदक सामने आए। प्रत्येक आवेदक से रूपये 5000 आवेदन शुल्क तथा भूखंड मूल्य का 25 प्रतिशत प्रीमियम, साथ ही अन्य शुल्क भी अनिवार्य रूप से जमा करवाए गए। इस प्रकार विभाग द्वारा 77 लाख 65 हजार की राशि केवल आवेदन शुल्क के रूप में एकत्र कर ली गई, तथा जिन 108 आवेदकों के आवेदन निरस्त किए गए है उन्हें आवेदन शुल्क की राशि 5 लाख 40 हजार भी अब नहीं लौटाई जाऐगी।

**पहले आओ-पहले पाओ की नीति समाप्त, बिडिंग का नया नियम-**पूर्व में प्लॉट आवंटन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर किया जाता था, किंतु इस बार विभाग ने स्पष्ट किया कि एक से अधिक आवेदन आने की स्थिति में बोली (बिडिंग) प्रक्रिया लागू की जाएगी। इसी बीच, स्क्रूटनी के नाम पर विभाग द्वारा 108 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया।

**अन्यायपूर्ण स्क्रूटनी और तकनीकी खामियों का हवाला-** आवेदन खारिज करने के पीछे विभाग ने पीईआरटी चार्ट की अपलोडिंग नहीं होने जैसी तकनीकी त्रुटियों को कारण बताया। वहीं कुछ मामलों में आवेदनों को 'सेवा गतिविधि' के अंतर्गत मानते हुए निरस्त कर दिया गया, जबकि केन्द्र सरकार के एमएसएमई पोर्टल पर वही व्यवसाय 'मेन्युफैक्चरिंग गतिविधि' के रूप में सूचीबद्ध हैं।

**सेवा गतिविधि का वर्गीकरण निरस्ती का मुख्य कारण बना-** उदाहरण के लिए, कई आवेदकों ने प्रिंटिंग व्यवसाय के तहत आवेदन किया था, जिसे प्रदेश के एमएसएमई अधिकारियों ने सेवा गतिविधि मानते हुए अयोग्य करार दिया। जबकि भारत सरकार के एमएसएमई वर्गीकरण में प्रिंटिंग को स्पष्ट रूप से उत्पादन (मेन्युफैक्चरिंग) की श्रेणी में रखा गया है। इससे स्पष्ट होता है कि विभाग ने नीतियों के विपरीत, केवल स्थानीय विवेक से निर्णय लेकर युवाओं के साथ अन्याय किया है।

**108 युवा उद्यमियों के सपने चकनाचूर-**खबरों के अनुसार कई आवेदकों ने पूर्ण दस्तावेज और शुल्क समय पर जमा किए, फिर भी उनके आवेदन अपूर्ण घोषित कर निरस्त कर दिए गए। इससे न सिर्फ उनके स्वरोजगार के अवसर छिन गए, बल्कि उनका आर्थिक नुकसान भी हुआ है।

**उद्यमियों की मांग हो न्यायपूर्ण जांच-**अब आवेदक मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री एवं एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि विभाग की लापरवाही से उनके आवेदन निरस्त किए गए हैं,

# हल्दी घाटी मे समर लड़्यो कि गूंज के साथ राजपूती अंदाज मे निकला चल समारोह

बाग-- धार जिला राजपूत समाज के तत्वाधान में वीर शिरोमणि राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप 485 जयंती व 43 वा राजपूत सम्मेलन बड़े धूमधाम से एवं हर्षोल्लास से राजपूत धर्मशाला धार में मनाया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में महाराणा प्रताप एवं राणा बख्तावर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात एक विशाल चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ राजपूत धर्मशाला पहुंचा . चल समारोह में अश्व पर बैठे राजपूती वेशभूषा में केसरिया पत्ता का हाथ में लिए नन्हे बालक आकर्षण का केंद्र थे



, महाराणा प्रताप चित्र के साथ ध्वजा आकर्षक लग रही थी, केसरिया ध्वज के साथ ही तिरंगा बात का प्रतीक था ,कि महाराणा प्रताप जीवन भर राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए लड़े और वर्तमान समय में जो भारतीय सेना ने देशस्वाभिमान के लिए कर दिखाया उसे सैन्य शक्ति को नमन और और उस प्रत्येक भारतीय सैनिक के आगे उसके अदम्य आगे आगे समाज का हर व्यक्ति नत मस्तक जिसका इतिहास वीरता और देश के लिए समर्पण कर रहा हो है चल समारोह का का शहर में विभिन्न मंचों से भव्य स्वागत किया गया चल समारोह में निर्भय सिंह बक्साना जिला अध्यक्ष राजपूत समाज , वरिष्ठ समाजसेवी श्री समंदर सिंह पटेल नगर अध्यक्ष श्री मोहन सिंह परिहार, कल्याण सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह चौहान विजय सिंह राठौर रमेश सिंह सिसोदिया नवीन सिंह चौहान,धर्मेंद्र सिंह जवरा , निर्भय सिंह पटेल बद्री सिंह पटेल ,दिलीप सिंह पटेल ,विजय सिंह चौहान ,मलखान सिंह मोरी बलराम सिंह चौहान ,अमृत सिंह राठौर ,विनोद सिंह ठाकुर,,घनश्याम सिंह निकम , हेमसिंह पटेल आशीष परिहार ,विजय सिंह शेखावत, भारत सिंह पटेल , कमलेश्वर सिंह सिसोदिया, कुलदीप सिंह तवर , घनश्याम सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित थे .समारोह के पश्चात धर्मशाला में मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ शक्ति स्वरूपा मां अंबे के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तपश्चात महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र के लिए उनके त्याग, समर्पण को याद किया गया जो वर्तमान परिदृश्य में जीवट हो रहा है कि राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है।उक्त जानकारी राजपूत समाज के मीडिया प्रभारी श्री शिव शंकर सिंह परिहार द्वारा दी गई है

# आईपीएल खिताब जीतने आज आरसीबी और पंजाब किंग्स में होगा मुकाबला

## शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। दोनो ही टीमें इस मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम करना चाहेंगी। दोनो ही टीमों ने अब तक ये खिताब नहीं जीता है जिससे दोनो के ही प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी टीमें जीतेंगी। इससे भी टीमों पर दबाव होगा। आसीबी जहां चौथी बार फाइनल में पहुंची है, वहीं पंजाब की टीम दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनो ही टीमों का लक्ष्य इसे जीतकर 18 साल के खिताब के इंतजार को समाप्त करना होगा। सभी की नजरें इस मैच में आरसीबी के अनभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरुआत से ही टीम से जुड़े होने के बाद भी एक बार टीम को जीत नहीं दिला पाये। वह लंबे समय तक टीम के कप्तान भी रहे हैं। वहीं अब आरबीबी की कप्तानी युवा रजत पाटीदार कर रहे हैं और ऐसे में टीम की किस्मत बदल सकती है।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन उनका उत्साह बढ़ाने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने इस सत्र में शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अब टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए उतरेगी। कोहली ने इस सत्र मे 614 रन बनाये हैं। वह इस साल आसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे हैं।। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला जिससे भी अंतर पैदा हुआ है। इस सत्र में कोहली के अलावा फिल साल्ट ने भी आरसीबी की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं मयंक




अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। टिम डेविड चोटिल होने के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए, अब देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में अहम भूमिका निभाई है। वहीं जोश हेजलवुड की वापसी से भी टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। हेजलवुड ने अब तक 21 विकेट लिए हैं। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

वहीं दूसरी ओर मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम जीत की प्रबल दावेदार है। उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर एक दशक बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। 10 टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर ने अब तक 603 रन बनाये हैं। उनकी कप्तानी में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स खिताब जीती थी और अब वह पंजाब को खिताब जिताना चाहेंगे। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं को बताता है। इससे अंदाजा होता है वह अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से प्रबंधित करते हैं। अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व करते हुए उन्हें फाइनल में पहुंचाया है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी संतुलित है। प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह जैसे अच्छे बल्लेबाज पंजाब किंग्स के पास हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विरोधी खेमे पर आक्रामक खेल से दबाव बना सकते हैं हालांकि मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी कुछ कमजोर हुई है पर टीम के पास अर्शदीप सिंह जैसा अच्छा गेंदबाज है। मुंबई इंडियंस पर उसके गेंदबाजों ने अच्छा अंकुश लगाया था। है। उसके स्पिनर युजवेंद्र चहल दूसरे क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे पर इस मैच में वह टीम को जीत दिलाने पूरा प्रयास करेंगे। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैंः रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

# 14 जून से होगा 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट



**सेन डियागो ।** 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट इसी माह 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। इसमें सात मैचों का ग्रुप स्टेज और प्लेऑफ फॉर्मेट होगा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इसके लिए इनामी राशि घोषित कर दी है। इसमें कुल इनामी राशि 1 बिलियन डॉलर 32 प्रतिभागी क्लबों में वितरित की जाएगी। इसमें विजेता टीम को 125 मिलियन डॉलर तक जीतने का निर्धारित।अवसर मिलेगा। इसके अलावा वैश्विक क्लब फुटबॉल को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर अलग रखे गए हैं। वहीं इसमें शामिल टीमों को 525 मिलियन डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा यूईएफए क्लब 12.81 मिलियन डॉलर से 38.19 मिलियन डॉलर तक की राशि हासिल करेंगे, जो उनकी रैंकिंग और राजस्व पर निर्भर करेगा। इसके तहत शीर्ष स्तर के क्लब चेल्सी, मैनचेस्टर सिटी, रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख बड़ी इनामी राशि हासिल करने की दावेदार रहेंगी। कोंमेबोल (दक्षिण अमेरिकी) क्लब को 15.21 मिलियन डॉलर के करीब रकम मिलेगी।

# भारत के खिलाफ खासे सफल रहे हैं स्मिथ

**मुम्बई ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भारतीय गेंदबाजों के लिए हमेशा ही परेशानी साबित हुए हैं। स्मिथ का रिकार्ड भारतीय टीम के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। 2015 एकदिवसीय विश्वकप की बात करें या 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल सहित कई मैचों में स्मिथ के कारण ही भारतीय टीम जीत हासिल नहीं कर पायी। डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 में स्मिथ ने 121 रन बनाए थे। इस मैच में उनकी और ट्रेविस हेड के बीच हुई 285 रनों की साझेदारी से ये मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया था। भारतीय टीम के खिलाफ स्मिथ ने 24 टेस्ट मैचों में 58.90 के औसत से 2356 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 11 शतक और 5 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भी स्मिथ का औसत भारत के खिलाफ 50 से अधिक का रहा है। भारतीय टीम के खिलाफ 30 एकदिवसीय मैचों में स्मिथ ने 53.19 की औसत से 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 11 मैचों में 229 रन बनाये हैं। स्मिथ ने अपने करियर की शुरुआत एक लेग स्पिनर के रूप में की थी। स्मिथ ने जुलाई 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए आठवें नंबार पर बल्लेबाजी की थी पर पांच साल बाद ही वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बन गये। इसके अलावा वह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज भी बन गये। उनका करियर विवादों में भी रहा है। मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़खानी विवाद के कारण स्मिथ को एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें कप्तानी से भी बाहर कर दिया गया था। स्मिथ ने अबतक 116 टेस्ट मैचों में 56.74 की औसत से 10271 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाये हैं।

# आईएसएसएफ निशानेबाज विश्व कप आठ जून से

**नई दिल्ली ।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले अगले माह आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण में भारत की ओर से पदक के प्रबल दावेदार रहेंगे। भाकर और कुसाले को 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने भाकर को दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में शामिल किया है। वहीं पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह को भी जगह मिली है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार किसी स्पर्धा में खेलते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप में बेहत प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस इस टीम के कुल 13 सदस्यों को म्यूनिख जाने वाली इस विश्वकप टीम में भी शामिल किया गया है।



## शर्वरी बनीं यंग फिट इंडिया आइकन

अभिनेत्री शर्वरी, अब राष्ट्रीय फिटनेस अभियान का भी चेहरा बन चुकी हैं। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित संडेज़ ऑन साइकल पहल में भाग लेने के बाद उन्हें 'यंग फिट इंडिया आइकन' के रूप में नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यक्रम के 25 वें संस्करण में की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की मौजूदगी रही।

## मेघा बरसेंगे में नजर आयेंगे रवि गोसाईं........!

शो मेघा बरसेंगे में एक महत्वपूर्ण नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध अभिनेता रवि गोसाई को अनुबंधित कर लिया गया है। इस टीवी शो में रवि गोसाईं त्रिलोक अक्का तिल्ली की भूमिका में नजर आयेंगे। रवि गोसाई ने कहा ÷मैं त्रिलोक की भूमिका निभाते हुए बहुत मज़ा ले रहा हूं, जो एक बहुत ही शक्तिशाली नकारात्मक पात्र है। मेहंदी वाला घर और दिल दिया गल्लां के बाद, यह भूमिका एक चुनौतीपूर्ण और रोचक है।




## एस्परगर की भूमिका में हैं खुशी भारद्वाज

क्रिमिनल जस्टिस के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन, जिसका शीर्षक क्रिमिनल जस्टिस÷ ए फैमिली मैटर है, ने अपने हालिया प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित किया है और युवा अभिनेत्री खुशी भारद्वाज ने बेहतरीन अभिनय किया है। भारद्वाज ने इरा की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है, जो सुरवीन चावला और मोहम्मद जीशान अय्यूब द्वारा निभाए गए किरदारों की बेटी है, और एक हाई-स्टेक मर्डर मिस्ट्री में एक प्रमुख संदिग्ध है। उनके चित्रण को विशेष रूप से आकर्षक बनाने वाली बात इरा का एस्परगर सिंड्रोम से संघर्ष है।क्रिमिनल जस्टिस÷ ए फैमिली मैटर नागपाल परिवार की जटिल गतिशीलता पर आधारित है। अपने ऑडिशन और इस किरदार को निभाने के बारे में खुशी ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो, इस किरदार को निभाना एक सपने जैसा लगा!






## अनन्या चंकी पांडे का मस्ती भरा डांस

ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025' में, सबसे खास और दिल से जुड़ा पल रहा अनन्या पांडे की परफॉर्मेंस, जो उन्होंने अपने पिता चंकी पांडे के लिए पूरी तरह से एक सरप्राइज़ के तौर पर तैयार की थी। अपनी मां भावना पांडे के साथ मिलकर चुपचाप की गई इस प्लानिंग का नतीजा था एक ऐसा स्टेज एक्ट, जिसमें बीती हुई यादें और प्यार दोनों थे। इस एक्ट का सबसे प्यारा हिस्सा तब आया, जब चंकी पांडे खुद स्टेज पर अनन्या के साथ 'मैं तेरा तोता' गाने पर मस्तीभरे अंदाज़ में डांस करने आ गए - और ये पल बन गया एक खूबसूरत फैमिली सेलिब्रेशन। इस मौके पर ऑडियंस तालियों से गूंज उठी और ऐसे में भावना पांडे की आंखें नम हो गईं।अनन्या ने कहा, ''मैं बचपन से अपने पापा को लोगों की ज़िंदगियों में खुशियां लाते हुए देखती आई हूं, और ये परफॉर्मेंस मेरी तरफ से उन्हें एक 'थैंक यू' था - सिर्फ एक आर्टिस्ट के तौर पर नहीं, बल्कि उस शानदार पापा के लिए, जो हमेशा मेरे सबसे बड़े सपोर्टर रहे हैं।

## राशा ने में माधुरी, रवीना और रवि टंडन को दिया भावुक ट्रिब्यूट



ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025- की शाम का सबसे खास लम्हा तब आया जब राशा थडानी ने मंच पर तीन दिग्गजों - माधुरी दीक्षित, अपने नाना रवि टंडन और अपनी मां रवीना टंडन को समर्पित एक दमदार ट्रिब्यूट दिया। राशा ने तीन आइकॉनिक गानों के ज़रिए हर परफॉर्मेंस में अपनी भावनाओं, पहचान और पारिवारिक विरासत को बखूबी जिया। 'एक दो तीन' पर उन्होंने माधुरी दीक्षित की एनर्जी और ग्रेस को उतनी ही खूबसूरती से दोहराया, जैसी उस दौर में दिखाई देती थी। 'हंगामा हो गया' में उन्होंने बिंदु जी की बोल्ड स्क्रीन प्रेज़ेंस और आत्मविश्वास को जीवंत कर दिया - यह वही गाना है जिसे उनके नाना रवि टंडन ने निर्देशित किया था। और फिर आया 'टिप टिप बरसा पानी' - उनकी मां रवीना टंडन को समर्पित एक बेहद निजी और भावनात्मक ट्रिब्यूट। राशा ने उस पीली साड़ी वाले यादगार पल को अपनी स्टाइल और आत्मीयता के साथ दोबारा जिया, साथ ही उस क्लासिक पल की गरिमा भी बनाए रखी।

## रणदीप ने कान्हा नेशनल पार्क का रुख किया

अभिनेता-फिल्ममेकर और वन्यजीव संरक्षण के समर्थक रणदीप हुड्डा ने कान्हा नेशनल पार्क का रुख किया, जहां उन्होंने अपनी वन्यजीव फोटोग्राफी के शौक से दोबारा जुड़ाव कियाअभिनेता और फिल्ममेकर रणदीप हुड्डा, जो फिल्मों के साथ-साथ वन्यजीवों के भी बेहद शौकीन हैं, हाल ही में मध्यप्रदेश के खूबसूरत कान्हा नेशनल पार्क की यात्रा पर पहुंचे हैं। वे जानवरों के प्रति अपने गहरे प्रेम और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। इस बार भी वे अपने कैमरे में जानवरों की प्राकृतिक झलक को कैद करने पहुंचे हैं। रणदीप को वन्यजीव फोटोग्राफी का भी बहुत शौक है, और इस यात्रा के दौरान वे अपने इसी शौक को ताज़ा कर रहे हैं।वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी कई पहलों में भाग लेने वाले रणदीप ने वन्यजीव फोटोग्राफी में भी खास दिलचस्पी दिखाई है। इस निजी यात्रा पर उनके साथ उनकी पत्नी, एक्ट्रेस और एंटरप्रेन्योर लिन लैशराम भी हैं।



## परी मिर्जा की धमाकेदार शुरुआत


ब्लेक स्पाट पर होंगे तकनीकी सुधार, मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था के का

शहर के अनेक चौराहों के होंगे लो टर्न चौड़े वाहनों सामग्री बेचने वा व्यक्तियों के वाहनो होंगे पंजीयन निर

इंदौर। इंदौर शहर के यातायात सुधार के ये लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसके ये जिला प्रशासन, नगर निगम, यातायात नस द्वारा संयुक्त रूप से मुहिम चलाई जा है। इस मुहिम को गति देकर और धक प्रभावी बनाया जायेगा। इस मुहिम तहत सड़कों और फुटपाथ पर सामग्री ो होने पर उन्हें जप्त की जायेगी। ायात बाधित करने वाले ठेलों और य वाहनों जप्त किया जायेगा। वाहनों से मग्री बेचने वाहनों की पंजीयन निरस्त किये जायेंगे। दुर्घटनाओ

अभिनेत्री परी मिर्जा, फिल्म बॉम्बे के साथ सिनेमाघरों में अपनी भव्य शुरुआत कर रही हैं। यह फिल्म कुल 4 भाषाओं में रिलीज हो रही है। हिंदी में इसे बॉम्बे, मराठी में इसे मवाली, तेलुगु में इसे गायम और कन्नड़ में इसे मांड्या कहा जा सकता है। मुख्य अभिनेत्री के रूप में भारतीय फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत के बारे में परी कहती हैं कि यह वाकई मेरे लिए एक खास और दिल को छू लेने वाला एहसास है और मैं वाकई इस बड़े दिन का इंतजार नहीं कर सकती। एक कलाकार के तौर पर, बचपन से ही, मैं इस बड़े दिन का इंतजार करता रही हूं और अब जब यह आखिरकार हो रहा है, तो मैं बेहद उत्साहित हूं

## मानुषी मिस वर्ल्ड 2025 में बनीं जज

इसे एक खूबसूरत फुल सर्कल मोमेंट ही कहा जा सकता है, मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड के मंच पर की वापसी – लेकिन इस बार एक बिल्कुल नए किरदार में। तेलंगाना के हैदराबाद में संपन्न हुई 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता में, चेक गणराय की मिस वर्ल्ड 2024 क्रिस्टिना पिस्कोवा ने थाईलैंड की सुचाता चुआंगसरी को उनका उत्तराधिकारी बनाते हुए ताज पहनाया।मानुषी के लिए, जिन्हें इस बार जजों के प्रतिष्ठित पैनल में आमंत्रित किया गया था, यह उस मंच पर एक मधुर और गहरी सार्थक वापसी थी जिसने उन्हें चीन में मिस वर्ल्ड 2017 का ताज पहना कर वैश्विक प्रसिद्धि और पहचान दिलाई थी।जज के रूप में मानुषी की भूमिका को और भी अधिक उत्सवपूर्ण बनाने वाली बात यह थी कि वह एक बार उसी पैनल के विपरीत पक्ष में थीं, जिसने उन्हें वह सफलता और पहचान दी जिसका वह आज आनंद ले रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री श्री पटेल ने विभागीय विषयों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि पंचायत विभाग के अंतर्गत जिला पंचायत तथा जनपद पंचायतों हेतु बनने वाले भवन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाएं जाएं। उन्होंने कहा कि इन भवनों में ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर ऊर्जा से विद्युत आपूर्ति जैसी आधुनिक सुविधाओं का अनिवार्य रूप से समावेश करें। उन्होंने आगे कहा कि कार्यालय भवनों को नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाएं। मंत्री श्री पटेल ने सोमवार को विकास भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। मंत्री श्री पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने नवीन जिला पंचायत कार्यालय भवन एवं नर्मदा परिक्रमा पथ में विश्राम गृह की प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने कहा यह भवन कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत भवनों में आने वाले आम नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप छाया, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए बनाए जाने वाले विश्राम गृहों को सर्व सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि इन गृहों के निकलने वाला ग्रे-वॉटर नर्मदा एवं सहायक नदियों में न मिले। ये वॉटर का ट्रीटमेंट कर जल का समुचित उपयोग करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी अपने सुझाव देने को कहा। मंत्री पटेल ने इस दौरान पेसा एक्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदायों के हित में पेसा एक्ट का प्रभावी कियान्वयन हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ और पेसा को ऑर्डिनेटर की संयुक्त ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटी नदियों के उद्गमस्थलों के संरक्षण और नर्मदा किनारे की भूमियों पर पौध रोपण के लिए तार फेंसिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री पटेल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को प्रदान किए जा रहे प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत मिलने वाले रोजगार का सक्सेस रेट शत प्रतिशत हो, इस दिशा में निरंतर कार्य करें। उन्होंने अटल सुशासन भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्यों, वित्तीय प्रावधानों आदि विभागीय विषयों पर विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए।

### ''सरल संयोजन पोर्टल'' के माध्यम से घर बैठे मिल रहे नवीन बिजली कनेक्शन

**भोपाल, निप्र।** अब आपके परिसर में बिजली का नवीन कनेक्शन लेना हुआ और भी आसान और सुविधाजनक। नवीन बिजली कनेक्शन के लिए अब आपको किसी भी कार्यालय जाने और परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब आपको नवीन बिजली कनेक्शन के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से एक आवेदन करना है और ऑनलाइन ही जरूरी दस्तावेज अपलोड कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते ही तय समय-सीमा में आपको बिजली कंपनी द्वारा कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे ही उपभोक्ताओं को नवीन बिजली कनेक्शन बहुत ही कम समय में उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सुविधा से एक ओर जहाँ उपभोक्ताओं को आसानी से बिजली कनेक्शन मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस ऑनलाइन प्रक्रिया से उपभोक्ताओं और बिजली कंपनी के समय और संसाधनों की भी बचत हो रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि उपभोक्ताओं को नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने के लिये कंपनी की अत्यंत पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके माध्यम से कंपनी द्वारा नवीन कनेक्शन बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के जारी किये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन के लिये मात्र दो दस्तावेज क्रमशः आवेदक का पहचान पत्र एवं परिसर के स्वामित्व या अधिवास संबंधी साक्ष्य ऑनलाइन अपलोड करना आवश्यक होता है। माननीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त होने तथा तकनीकी रूप से साध्य पाये जाने पर, तय समय-सीमा यथा कमिश्नरी मुख्यालय में 5 दिवस, अन्य शहरी क्षेत्र में 7 दिवस तथा ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिवस के भीतर निर्बाध रूप से विद्युत कनेक्शन समस्त कंपनी क्षेत्र में प्रदाय किये जा रहे हैं। नवीन कनेक्शन प्राप्त करने के लिये उपभोक्ताओं को कंपनी के किसी भी कार्यालय में संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये कंपनी ने कृषि उपभोक्ताओं को कृषि पंप के लिये एवं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को मात्र 5 रूपये में कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा भी उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है। कंपनी द्वारा अब तक मात्र 5 रूपये में लगभग 26 हजार कृषि उपभोक्ताओं और लगभग 12 हजार ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। गौरतलब है कि विगत दिनों कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेते हुए कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि नवीन कनेक्शन संबंधी सुविधाओं के लिये अनधिकृत व्यक्तियों से संपर्क नहीं करें तथा उपलब्ध ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ उठाएं।

## सख्त भए सीएम...
## आईजी-डीआईजी से लेकर एसपी तक नप गए...

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रवैया आज सख्तीभरा नजर आया... उन्होंने आईजी-डीआईजी से लेकर एसपी तक को हटा दिया, तो वहीं एक मामले में सीएसपी के चक्कर में दूसरे एसपी भी नप गए... दरअसल, खुलेआम आपस में हॉटटॉक करने पर चंबल रेंज के आईजी सुशांत सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ और दतिया एसपी वीरेन्द्र मिश्रा को सीधे सीएम के निर्देश पर हटा दिया गया है... खबर है कि आज डीजीपी कैलाश मकवाना सीएम हाउस पहुंचे थे और उन्होंने डॉ. मोहन यादव को इन मामलों की रिपोर्ट सौंपी और अधिकारियों के संबंध में फीड भी दिया... इधर, कटनी एसपी अभिजीत रंजन को सीएसपी ख्याति मिश्रा के पारिवारिक जिंदगी में दखल देने के पति और अन्य परिजनों के आरोपों के चलते सीएम के निर्देश पर हटाया गया है... बता दें कि ख्याति मिश्रा और उनके तहसीलदार पति शैलेंद्र बिहारी शर्मा के बीच करीब सालभर से विवाद चल रहा है, जिसमें कटनी एसपी का दखल सामने आया... वहीं पति-पत्नी और वो... की खबरें भी सुर्खियों में रहीं, जिसकी भनक सीएम डॉ. यादव के कानों तक पहले ही पहुंचाए जाने की खबरें भी सामने आई, जिसके चलते सीएम ने अपने सख्त तेवर दिखाए... इस मामले में भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का भी ट्विट सामने आया है... वहीं तबादलों की चपेट में आईजी सागर जोन प्रमोद वर्मा भी आए, जिन्हें आईजी जबलपुर जोन बनाया गया, तो आईजी विसबल इंदौर चंद्रशेखर सोलंकी को आईजी सागर जोन एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक जेएनपीए सागर का प्रभार मिला... इसी तरह अन्य पुलिसाधिकारी भी इधर से उधर हुए हैं... खबर यह भी है कि डीजीपी मकवाना द्वारा दिए गए फीडबैक के बाद कई बड़े जिलों में भी कुछ पुलिस अधिकारी आगामी दिनों में इधर से उधर और उधर से इधर हो सकते हैं..!

लोक माता अहिल्यादेवी के सम्मान में भोपाल में विशाल महासम्मेलन हुआ, अब जनजातीय योद्धा राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट

# मध्यप्रदेश सरकार के लिए जनकल्याण और जन सेवा सर्वोपरि : मुख्यमंत्री

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के लिए जन सेवा के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोपरि है। यह वर्ष अनेक सेवा प्रकल्पों के कारण जाना जाएगा।**

जन सेवा और सुशासन की प्रतीक लोकमाता अहिल्या देवी जी के 300 वें जन्मदिन को उल्लास से मनाया गया। भोपाल में हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति थी और भोपाल के नागरिकों ने इस कार्यक्रम को स्मरणीय बना दिया। अब जनजातीय योद्धा राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में केबिनेट बैठक रखी गयी है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव आज भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान में वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की जयंती और श्रीमती प्रसून सारंग की स्मृति में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में हुए इस कार्यक्रम में जहां वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया, वहां सामूहिक विवाह भी संपन्न हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा माता-पिता की स्मृति में यह आयोजन सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए माता-पिता के साथ बिताया समय यादगार होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना तय है, लेकिन जन्म और मृत्यु के मध्य यात्रा कितनी सार्थक रही यह महत्वपूर्ण है। स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग जी ने भी जीवन में सेवा कार्यों को अपनाया। हमारी भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है और यह सनातन संस्कृति की पहचान भी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कर्मों के आधार पर जीवन बनता है। मध्य प्रदेश सरकार ने सतपुड़ा अंचल के राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया है। राजा भभूत सिंह ने संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को संगठित किया और कुशल नेतृत्व देकर बाहरी ताकतों के विरुद्ध निरंतर लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नई पीढ़ी को ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व के बारे में जानकारी देना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी विरासत पर गर्व करे और लोगों के जीवन को बदलने के अभियान में सहभागी बने।



### समाज का हर बुजुर्ग माता-पिता के समान : मंत्री सारंग

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पूज्य पिता जी स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग की पुण्यस्मृति में उनकी जयंती को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मातृ-पितृ भक्ति व सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। समाज का हर बुजुर्ग हमारे माता-पिता के समान है। उनकी सेवा करना हमारा सनातन धर्म हमें सिखाता है। भगवान श्री गणेश, प्रभु श्री राम एवं श्रवण कुमार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता की भक्ति देवों की भक्ति के समान है। उनका पूजन करने से सभी देवों के पूजन का पुण्य प्राप्त हो जाता है। कार्यक्रम में करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य महाराज ने कहा कि माता-पिता की सेवा से ही ईश्वर प्रसन्न होता है। गुफा मंदिर के महंत श्री राम प्रवेश दास महाराज ने मंत्रोच्चारण से मातृ-पितृ भक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर सांसद श्री आलोक शर्मा, पूर्व मंत्री श्री सत्यनारायण जटिया, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी सहित अन्य वरिष्ठजन मौजूद थे।

### माता-पिता भगवान से भी पहले आते हैं : केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माता-पिता भगवान से भी पहले आते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री विश्वास सारंग को अपने माता-पिता की स्मृति को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाने के संकल्प को साधुवाद देता हूं। स्व. श्री कैलाश सारंग केवल विश्वास सारंग के पिता नहीं, बल्कि हमारे जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और पालक थे।

#### कार्यक्रम सोशल मीडिया पर देशभर में नम्बर-1 पर हुआ ट्रेंड

स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग की जयंती के अवसर पर मातृ-पितृ भक्ति की मिसाल पेश करते हुए हर वर्ग एवं हर समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सोशल मीडिया पर हैशटैग सारंग-मातृ-पितृ-भक्ति-दिवस के साथ युवाओं ने अपने माता-पिता को सम्मानित कर उनके फोटो-वीडियो फेसबुक, ट्विटर सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किये। मंत्री श्री सारंग की पहल पर सोशल मीडिया पर देशभर में नं. 1 पर ट्रेंड हुआ। इसके साथ ही कार्यक्रम के लिये जारी किये गये नम्बर 8347477207 पर लाखों मिस्ड कॉल किये गये।

# मध्यप्रदेश सरकार का प्रण... सुरक्षित भविष्य के लिए जल संवर्धन और संरक्षण

**भोपाल, निप्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल संरक्षण-संवर्धन के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवंर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च को किया था।**

पूरे प्रदेश में अभियान प्रारंभ से ही जन-आंदोलन बनकर आगे बढ़ा और उसके परिणाम भी सामने आने लगे हैं। पहली बारिश में ही अभियान में बनाए गए खेत तालाब लबालब हो गए। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के जल संचय, जनभागीदारी अभियान में जल संचय के लिए खंडवा जिले को देश में प्रथम स्थान मिला है और राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर रहा है। खेत तालाबों में हो रहे जल संचय से किसानों को आवश्यकता के समय पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा, भूजल स्तर में वृद्धि होगी और खेत में मौसमी फसलों के साथ ही मछली पालन एवं तालाब के किनारों पर बागवानी का भी अवसर मिलेगा।

वारा सिवनी में तुमाड़ी की श्रीमती सुनीता जैराम के खेत-तालाब बनाया था। करीब 6 फिट गहराई में बने खेत तालाब से सुनीता और उनके पति मिलकर मछली पालन के साथ ही खरीफ में गेहूं और रबी में धान की फसल ले रहे है। इससे उन्हें 1 लाख रुपये तक का मुनाफा हो रहा है। शहडोल जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नये तालाब बनाये जा रहे हैं, साथ ही तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है।




### माँ नर्मदा के तटों पर बसे क्षेत्रों में नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार नर्मदा जी के सीमावर्ती 16 जिलों, 51 विकासखंडों में जीवनदायनी माँ नर्मदा जी के जल को निर्मल तथा प्रवाह को अविरल बनाये रखने के लिए 'माँ नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 25 मई से प्रारंभ हुआ है और 05 जून 2025 तक चलेगा। डिंडोरी में यात्रा जिले के दक्षिण तट से 29 मई को भटनगर घाट पर माँ नर्मदा की स्वच्छता के लिए सामुदायिक श्रमदान और नर्मदा जी की आरती एवं नर्मदाष्टक के साथ ग्राम पंचायत मेड़ाखार विकासखण्ड करंजिया से प्रारंभ हुई है जो क्रमशः बरनई, रूसामाल, परसेलमाल, बुंदेला होते हुये गोरखपुर तक पहुंच गई है।

## पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में कमजोर वर्ग के लिये आवास तय समय में पूरे हों

**भोपाल, निप्र।** नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने सोमवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिये बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों की जानकारी ली। आयुक्त ने बैठक में क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा भी की।

आयुक्त ने कहा कि संजय जलाशय विकास कार्य के लिये अनुभवी योजनाकार से विस्तृत कार्य योजना बनवायी जाये। योजना में सिटी और बैम्बो फॉरिस्ट, हेलीपेड, योगा पार्क के साथ सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के स्कल्पचर, ओपन जिम और रेस्टोरेंट के कार्य शामिल हैं। इस कार्य पर 20 से 25 करोड़ रुपये की राशि व्यय होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी सिंहस्थ के आयोजन को देखते हुए मार्च-2026 तक पूरे किए जाएं। आयुक्त श्री भोंडवे ने सागौर में राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय कर अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जरूरतमंदों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को जानकारी देने की बात कही। आयुक्त भोंडवे ने औद्योगिक क्षेत्र में आगामी वर्षाकाल में व्यापक पौध-रोपण की योजना बनाने के निर्देश नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी 3 से 4 फीट हाइट के पौधे लगाये।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बिहार के उपमुख्यमंत्री चौधरी ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को पटना प्रवास के दौरान बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने अपने निवास पर अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी का अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल गौर की जयंती पर कार्यक्रम

### बाबूजी सादगी और शुचिता के प्रतीक और सच्चे कर्मयोगी थे : राज्यमंत्री गौर

**भोपाल, निप्र। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में सोमवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल गौर की जयंती पर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, घुमंतु एवं अर्ध्द घुमंतु कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित किए।**

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आज का दिन राजनीति के क्षेत्र में सादगी और शुचिता के प्रतीक विनम्र, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी, आदर्श के केन्द्र बाबूजी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल गौर के आदर्शों पर चलने का संकल्प का दिन है। मैं उनकी ऐसी बेटी हूँ, जिसका मार्गदर्शन उन्होनें पल-पल पर किया। श्री गौर सच्चे जनसेवक और कर्मयोगी थे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2025-26 से षष्ठक पाठ्यक्रम, बी.ए. टूरिज्म इन हॉस्पिटिलिटी ऑपरेशन्स प्रारंभ हो रहा है। इसमें प्रवेशित विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में को 8,000 रूपये प्रतिमाह स्टायपेंड की पात्रता होगी । उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग से महाविद्यालय परिसर में स्वीकृत मल्टीपर्पज हॉल के लिये 3 करोड़ 65 लाख रूपये की। आवंटिन राशि को बढ़ाकर 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये जाने की अनुशंसा की है। श्रीमती गौर ने बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ का उद्घाटन भी किया। इस शोध प्रकोष्ठ में शोध प्रबंध और श्री बाबूलाल गौर के जीवन पर आधारित बहुमूल्य साहित्य उपलब्ध है।



### 15वें वित्त आयोग एवं पीएम-अभिम अंतर्गत स्वास्थ्य विकास कार्यों की संभागवार वृहद समीक्षा की

# हर स्तर पर समन्वय और सक्रियता अनिवार्य : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभिम) के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की संभागवार वृहद समीक्षा की।**



बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, बजट व्यय की स्थिति, गुणवत्ता, समय-सीमा, तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बने, इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सक्रियता अनिवार्य है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सभी कार्यों की सघन मॉनिटरिंग कर निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संभागीय स्तर पर कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। हर 15 दिवस में राज्य स्तर पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा होगी। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, परियोजना संचालक श्री नीरज कुमार सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

15वें वित्त आयोग में मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य ढाँचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें से अब तक 2 हजार 540 करोड़ रुपये की राशि राज्य को प्राप्त हुई है और 1 हजार 487 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। भवनविहीन उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण हेतु 1 हजार 649.17 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसमें 543.06 करोड़ रुपये जारी किए गए और 298.97 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स हेतु 94.41 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई, 57.98 करोड़ रुपये जारी हुए और 44.47 करोड़ रुपये खर्च किए गए। उप स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए 544.87 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें 312.96 करोड़ रुपये जारी किए गए और 226.36 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु 577.34 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए, जिनमें से 331.56 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई और 219.60 करोड़ रुपये व्यय हुआ।

### तकनीकी मैनपावर की समुचित व्यवस्था करें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तकनीकी सहयोग और कार्यों की गहन निगरानी हेतु आवश्यक तकनीकी मैनपावर की समुचित व्यवस्था की जाए और इसके लिए एक प्रभावी निगरानी तंत्र तैयार किया जाए। किसी भी स्तर पर कार्यों में अवरोध हो तो उसकी जानकारी तत्काल उच्च स्तर पर दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेशवासियों को सुलभ, सशक्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, वे तत्परता से उठाए जाएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com